

रांची, रविवार, 31 मई 2026

संवत 2083, अधिक ज्येष्ठ शुक्ल 15 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 256, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▶▶ कैसे काम करता है एआ जॉब फीचर

सोनाक्षी सिन्हा ने बर्ता अभिनय की खूबसूरती ◀◀ 6


'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने रांची में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का किया जिक्र, कहा-

# देश के एथलीट बना रहे रिकॉर्ड

- पीएम ने गुरिंदरवीर सिंह, विशाल टीके, तेजस्विन शंकर, देव मीणा और कुलदीप कुमार को दी बधाई

**एजेंसी**



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (31 मई) को देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि मन की बात में एक बार फिर आपसे जुड़कर मुझे बहुत खुशी हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि आज मैं कार्यक्रम की शुरूआत खेल जगत में देश की एक बड़ी उपलब्धि से करना चाहता हूं। भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन और शानदार प्रदर्शन से दुनिया भर में देश का नाम रोशन किया है। यह सफलता न केवल खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय भी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के रांची में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में चार अलग-अलग स्पर्धाओं में चार राष्ट्रीय रिकॉर्ड टूटे। पीएम ने गुरिंदरवीर सिंह, विशाल टीके, तेजस्विन शंकर, देव मीणा और कुलदीप कुमार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि 100 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड सिर्फ दो दिनों में तीन बार टूटा, जिसे गुरिंदरवीर सिंह और अनीमेष कुजूर ने अपने शानदार प्रदर्शन से संभव बनाया।

पीएम ने गर्मी का किया जिक्र: कार्यक्रम में पीएम ने गर्मी का जिक्र करते हुए कहा कि अपना ध्यान रखें। आप इस गर्मी के दौरान अपनी सेहत का ध्यान रखें और पेय पदार्थ पीते रहें। देश के विभिन्न राज्यों में तरह-तरह के पेय मिलते हैं। खास बात है कि ये पेय आपकी किचन से ही निकलते हैं। प्रधानमंत्री ने आम का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे ही गर्मियों का मौसम आता है, आम की चर्चा शुरू हो जाती है। भारत में शायद ही कोई ऐसा घर होगा जहां गर्मियों में आम की बात न होती हो। पीएम ने कहा कि आम सिर्फ एक फल नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, स्वाद और गर्मियों की यादों का अहम हिस्सा है।

### देशभर में एस्ट्रोनॉमी क्लब तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में हर पीढ़ी के लोगों में खगोल विज्ञान को लेकर हमेशा जिज्ञासा रही है। यह क्षेत्र लोगों को नई खोजों और अनुसंधान के लिए प्रेरित करता रहा है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं में भी अंतरिक्ष और खगोल विज्ञान को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। देशभर में एस्ट्रोनॉमी क्लब तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं और बड़ी संख्या में युवा इस क्षेत्र से जुड़कर ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने में रुचि दिखा रहे हैं।

चोल काल के प्राचीन तांबे के अभिलेख (कॉपर प्लेट्स) भारत को वापस सौंपे गये: कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि नीदरलैंड में आयोजित एक विशेष समारोह में चोल काल के प्राचीन तांबे के अभिलेख (कॉपर प्लेट्स) भारत को वापस सौंपे गए। इस समारोह में नीदरलैंड के प्रधानमंत्री भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने कहा कि यह भारत की सांस्कृतिक विरासत की वापसी का महत्वपूर्ण क्षण है और देश के इतिहास को संरक्षित करने की दिशा में बड़ी उपलब्धि है।

# हिमाचल: गहरी खाई में गिरी पर्यटकों की कार, 8 की मौत

**एजेंसी**



**चंबा:** हिमाचल के चंबा जिले से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। यहां के दुर्गम और बर्फीले सच पास की ओर जा रही पर्यटकों से भरी एक इनोवा कार अनियंत्रित होकर करीब 500 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति की तलाश और रेस्क्यू का काम जारी है। बता दें कि यह हादसा शुक्रवार देर रात चुराह उपमंडल के बैरगढ़-सच पास-किलर मार्ग पर हुआ जिसकी जानकारी शनिवार को मिल सकी।

दो परिवारों ने मिलकर बनाई थी ट्रिप: हादसे का शिकार हुए लोग कर्नाटक के बेंगलुरु से हिमाचल घूमने आए थे। उन्होंने डलहौजी में एक इनोवा टैक्सी बुक की थी। डलहौजी में ही उनकी मुलाकात एक और टूरिस्ट फैमिली से हुई जिसके बाद दोनों परिवारों ने मिलकर बर्फीले पहाड़ों का दीदार करने के लिए गाड़ी शेयर की और साच पास के लिए निकल पड़े। सच पास को हिमाचल प्रदेश के सबसे कठिन और खतरनाक रास्तों में से एक माना जाता है। बैरागढ़ पुलिस चेक पोस्ट पार करने के बाद यह हादसा हुआ। पुलिस और प्रशासन के मुताबिक हादसे की मुख्य वजहें ये हो सकती हैं।

पहला रास्ते में बर्फ और पाला जमने की वजह से कार फिसल गई होगी। दूसरा अंदेशा जताया जा रहा है कि देर रात होने के कारण ड्राइवर को नींद की झपकी आ गई होगी। तीसरा गाड़ी में अचानक आई किसी मैकेनिकल खराबी की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

आतंकी हमले की साजिश नाकामयाब

## दिल्ली में नौ आईएसआई आतंकी गिरफ्तार, हथियार-हैंड ग्रेनेड जब्त

### बड़े शहरों को दहलाना था मकसद

**एजेंसी**



नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस ने एक बड़े आतंकी हमले की साजिश को नाकाम कर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के नौ एजेंटों को गिरफ्तार किया है। ये संदिग्ध आतंकी देश की राजधानी, मुंबई और पंजाब समेत बड़े शहरों को दहलाने की साजिश रच रहे थे। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आईएसआई और अंडरवर्ल्ड से जुड़े नौ लोगों को दिल्ली में अलग-अलग जगह हमले का काम सौंपा गया था। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में खूफिया जानकारी मिलने के बाद ऑपरेशन चलाया गया था, जिनमें इन आरोपियों को दबोच लिया गया। इसके लिए पिछले कुछ समय से मॉड्यूल पर नजर रखी जा रही थी। इनका मकसद दिल्ली, मुंबई समेत बड़े शहरों में आतंकी हमला करने का था।

गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकी दिल्ली, मुंबई,पंजाब से हैं। कुछ लोग विदेशी भी हैं। पकड़े गए लोगों का मुंबई अंडरवर्ल्ड से भी कनेक्शन सामने आया है। सभी गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर भारत में हमला करने की साजिश रच रहे थे। संदिग्ध आर्तकियों के पास से पुलिस ने बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद किए हैं। साथ ही पाकिस्तान से लाया गया विस्फोटक भी बरामद किया गया है।

## भारी बारिश के कारण केदारनाथ यात्रा अस्थाई रूप से स्थगित, श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर रोका गया

**एजेंसी**



रुद्रप्रयाग: उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश और मौसम विभाग की ओर से जारी ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर प्रशासन ने एहतियातन केदारनाथ यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया है। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद रुद्रप्रयाग के विभिन्न पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने आगामी घंटों में भारी बारिश, तेज हवाएं और तूफान की संभावना जताई है। संभावित खतरे को देखते हुए केदारनाथ धाम की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं को विभिन्न पड़ावों और होल्डिंग क्षेत्रों में रोककर सुरक्षित ठहराया गया है।

पैदल यात्रा मार्ग पर मौजूद यात्रियों को भी निकटतम सुरक्षित स्थानों और निर्धारित होल्डिंग एरिया में रखा गया है। वहीं श्रीनगर क्षेत्र में केदारनाथ धाम की ओर जाने वाले वाहनों की आवाजाही भी फिलहाल रोक दी गई है। वाहनों को निर्धारित होल्डिंग क्षेत्रों में खड़ा कराया जा रहा है, ताकि मौसम सामान्य होने तक किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। प्रशासन ने कहा है कि मौसम में सुधार और यात्रा मार्ग की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित पाए जाने के बाद ही श्रद्धालुओं एवं वाहनों को आगे बढ़ने की अनुमति दी जाएगी। जिला प्रशासन, पुलिस और आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

अधिकारियों ने श्रद्धालुओं और वाहन चालकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करें, अनावश्यक यात्रा से बचें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। लगातार खराब मौसम के बीच प्रशासन पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ यात्रा प्रबंधन में जुटा हुआ है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचाव किया जा सके।

देश के नए सीडीएस जनरल सुब्रमणि का बड़ा बयान, कहा-

## स्वदेशी हथियारों और तीनों सेनाओं के इंटीग्रेशन पर करेंगे काम

**एजेंसी**



**नई दिल्ली :** पाकिस्तान और चीन मामलों के विशेषज्ञ माने जाने वाले जनरल एनएस। राजा सुब्रमणि ने आज भारत के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्हें महत्वाकांक्षी मिलिट्री थिएटराइजेशन योजना को लागू करने तथा तीनों सेनाओं के बीच समन्वय और एकीकरण को मजबूत करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जनरल सुब्रमणि ने जनरल अनिल चौहान का स्थान लिया है, जिन्होंने शनिवार को देश के सर्वोच्च सैन्य अधिकारी के रूप में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद पद छोड़ दिया। गौरतलब है कि जनरल सुब्रमणि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (ठरउर) में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत थे। इससे पहले वह 31 जुलाई 2025 को सेना के उप प्रमुख (श्री ड्रीं ड्ड अ१८ र३ा) के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सीडीएस का पदभार ग्रहण करने के बाद जनरल सुब्रमणि ने कहा कि सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण, तीनों सेनाओं के बीच बेहतर समन्वय तथा एकीकृत सैन्य ढांचे को मजबूत करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।उन्होंने कहा, हम सशस्त्र बलों में स्वदेशी हथियार प्रणालियों के विकास और उन्हें तेजी से शामिल करने की दिशा में काम करेंगे। साथ ही, सेनाओं के एकीकरण की प्रक्रिया को भी गति दी जाएगी। भारतीय सशस्त्र बलों ने राष्ट्रीय हितों की रक्षा में हमेशा पेशेवर दक्षता और निर्णायक क्षमता का परिचय दिया है। हम देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

# टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हमला मामले में 5 गिरफ्तार

- ममता बोलीं- हेलमेट नहीं होता तो जान चली जाती, भाजपा नेताओं-अफसरों ने डिस्चार्ज का बनाया दबाव

**एजेंसी**



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की राजनीति इस समय अपने सबसे गर्माए हुए दौर से गुजर रही है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कद्दावर नेता और सांसद अभिषेक बनर्जी पर शनिवार को हुए जानलेवा हमले के बाद सूबे की सियासत में भूचाल आ गया है। इस सनसनीखेज मामले को लेकर राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन तुरंत एक्शन मोड में आ गया है। पुलिस ने घटना के वायरल वीडियो के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभिषेक बनर्जी पर हमला करने वाले पांच मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें से दो की पहचान तपन मैती और आकाश के रूप में हुई है।

**चोर-चोर के नारे, फिर अंडे-पत्थरों से हमला;** फट गई टीएमसी सांसद की शर्ट: यह हाई-प्रोफाइल ड्रामा शनिवार को उस वक्त शुरू हुआ जब अभिषेक बनर्जी दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर इलाके में अपनी पार्टी के एक कार्यकर्ता के परिवार से मिलने पहुंचे थे। जैसे ही वह वहां पहुंचे, वहां मौजूद लोगों की भारी भीड़ ने उनके खिलाफ उग्र नारेबाजी शुरू कर दी और चोर-चोर के नारे लगाने लगे। देखते ही देखते विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया और भीड़ ने उन पर अंडे और पत्थर फेंकने शुरू कर दिए।

हालात बेकाबू होते देख अभिषेक के सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत मुस्तैदी दिखाई और उन्हें बचाने के लिए उनके सिर पर हेलमेट पहना दिया। इस दौरान भीड़ और टीएमसी सांसद के बीच जमकर हाथापाई भी हुई, जिसमें अभिषेक बनर्जी की शर्ट तक फट गई। हालांकि, वह उसी फटी शर्ट की हालत में कार्यकर्ता के घर पहुंचे और परिवार से मुलाकात की।

**मुझे जान से मारने की साजिश थी, हेलमेट न होता तो सिर फट जाता: अभिषेक**

सोनारपुर से निकलने के बाद अभिषेक बनर्जी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। खुद पर हुए इस हमले पर बोलते हुए अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया, ह्लयह मुझे जान से मारने की एक सोची-समझी साजिश थी। अगर मौके पर सुरक्षाकर्मियों ने मुझे हेलमेट न पहनाया होता, तो आज मेरा सिर फट जाता।

**अस्पताल ने जारी की मेडिकल रिपोर्ट, भर्ती करने से किया इनकार**

: इन तमाम राजनीतिक बयानों और आरोपों-प्रत्यारोपों के बीच, अभिषेक बनर्जी को ले जाए गए बेलेव्यू अस्पताल ने उनकी मेडिकल रिपोर्ट और आधिकारिक बयान जारी कर दिया है। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक, 38 वर्षीय अभिषेक बनर्जी की जांच में कोई गंभीर चोट सामने नहीं आई है। उनकी छाती पर हल्की चोटें और एक खरोंच का निशान है। जांच के समय वह पूरी तरह होश में थे और सामान्य बातचीत कर रहे थे। डॉक्टरों ने साफ किया कि उन्हें अस्पताल में एडमिट करने की कोई जरूरत नहीं है, बस एहतियात के तौर पर उन्हें नॉर्मल सलाइन, रिंगर लैक्टेट और दर्द निवारक दवाएं देकर छुट्टी दे दी गई है।

### ममता बनर्जी का भाजपा पर तीखा वार— अस्पतालों को धमका रही है सरकार

इस घटना के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मोर्चा संभालते हुए पश्चिम बंगाल की नई भाजपा सरकार पर तीखे हमले किए हैं। ममता ने आरोप लगाया कि पहले तो सोची-समझी रणनीति के तहत अभिषेक बनर्जी की सुरक्षा को हटाया गया ताकि उन्हें इस स्थिति में फंसाया जा सके। उन्होंने बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, सत्ता में बैठे लोग राज्य के सभी अस्पतालों और बड़े अधिकारियों को धमका रहे हैं कि वे अभिषेक बनर्जी को भर्ती न करें, क्योंकि वे नहीं चाहते कि अभिषेक का सही इलाज हो सके। भाजपा का पलटवार: दूसरी तरफ, भारतीय जनता पार्टी ने टीएमसी के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। भाजपा नेताओं ने पलटवार करते हुए कहा कि इस हमले से उनका कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि यह तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार और नेताओं के प्रति आम जनता का फूटा हुआ गुस्सा है।

## धीरे-धीरे, लेकिन निश्चित रूप से ईरान के साथ एक अच्छे समझौते के करीब पहुंच रहा है अमेरिका: ट्रंप

**एजेंसी**



**वॉशिंगटन:** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ईरान के साथ एक बहुत अच्छे समझौते के करीब पहुंच रहा है, लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ, तो अमेरिका सैन्य कार्रवाई पर लौट आएगा। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज को दिये साक्षात्कार में कहा, अगर आप जल्दबाजी करेंगे, तो आप कोई अच्छा समझौता नहीं कर पाएंगे। मुझे लगता है कि धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से हम वह पा रहे हैं जो हम चाहते हैं। अगर हमें वह नहीं मिला जो हम चाहते हैं, तो हम इसे एक अलग तरीके से खत्म करेंगे।

इस बीच, तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया कि उसने रविवार सुबह देश के क्षेत्रीय जल क्षेत्र के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-1 प्रीडेटर मल्टी-रोल ड्रोन का पता लगाया और उसे मार गिराया। एजेंसी ने आईआरजीसी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि आज सुबह-सवेरे एक अमेरिकी सेना का एमक्यू1 ड्रोन ईरानी क्षेत्रीय जल क्षेत्र में घुस आया था, लेकिन तुरंत उसका पता चल गया और आईआरजीसी के हवाई रक्षा प्रणाली से दागी गयीं मिसाइलों से उसे मार गिराया गया। एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी ड्रोन ईरानी क्षेत्रीय जल क्षेत्र में शत्रुतापूर्ण हरकतें करने के इरादे से घुसा था।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किये थे, जिसमें 3,000 से अधिक लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजरायल और पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर हमले किये। फिर अमेरिका और ईरान ने आठ अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की। शांति स्थापित करने को लेकर दोनों देशों ने पाकिस्तान के इस्लामाबाद में बातचीत की, जो बेनतीजा रही और फिर से दुश्मनी शुरू होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली। हालाँकि, अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू कर दी।

न्यूज IN ब्रीफ

## नये बिजली कनेक्शन के लिए उपयुक्त को दिया आवेदन

**मुरीः** लिफ्ट सिंचाई योजना में नये कनेक्शन के लिए बांसारूली पंचायत के मुखिया एवं ग्राम के किसानों द्वारा उपायुक्त को आवेदन दिया है। 215 एकड़ जमीन की सिंचाई के लिए सिल्ली के बांसारूली पंचायत के लेंगाहातु गाँव के मोदी टोला, कलुवाडीह टोला, सिंगपुर गाँव के कांटाडीह टोला के किसानों की जमीन के उपज बढ़ाने के उद्देश्य से हिण्डालको सीएस आर विभाग ने दो मोटर( प्रत्येक 12.5 एचपी) उरांगढा नदी तट पर लगाया गया था जिसका उद्घाटन 29 जनवरी 2025 को कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के सचिव अबु बकर सिददकी ने की थी। तब से अभी तक विजली के आभाव में सिंचाई का लाभ किसानों को नहीं मिल सका। केवल नाम का सौगात मिला। हिण्डालको केवल अपना कोरम पुरा कर हाथ बांध लिया, वही सरकार को भी होश नहीं है। किसानों का सरकार से ध्यान आकृष्ट करते हुए प्रार्थना है कि निशुल्क नया कनेक्शन जल्द बहाल किया जाए।

## शौंडिक जागरण मंच सिल्ली का 24वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न

**मुरी :** शौंडिक जागरण मंच सिल्ली का 24वां स्थापना दिवस शिव गंगा शौडिक भवन सिल्ली में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर केक भी काटा गया।मंच के संरक्षक एवं अध्यक्ष महोदय द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मौके पर अध्यक्ष ने मंच के उद्देश्य पर प्रकाश डाला एवं सभी इकाइयों को मजबूत करने कि बातें कही। संरक्षक ने सिल्वर जुबली ईयर को आकर्षक ढंग से मनाते जाने पर जोर दिया और इकाइयों को मजबूत करने कि बात कही। मंच को पूर्व कि भांति मजबूत करने पर बल दिया।इस अवसर पर मंच के राजेश साहु, गणेश साहु,भवन, संजय भगत, सुशांत भगत, अशोक साहु, दिलिप कुमार साहु,तपन कुमार साहु, मुरलीधर साहु,सोनू, दीपक कुमार साहु, रूपक व अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## चतरा में भाजपा का दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**चतराः** स्थानीय रामेश्वरलाल खंडेलवाल सरस्वती विद्यामंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर शनिवार को संपन्न हो गया। इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार की केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुईं, जिन्होंने कार्यकताओं को संगठन की मजबूती का मंत्र दिया। शिविर की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ने की, जिसमें चतरा विधायक जनार्दन पासवान और पूर्व विधायक किशुन दास सहित कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं और बूथ स्तर को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान उन्होंने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि सूबे में महिलाएं असहाय महसूस कर रही हैं। मंत्री ने आगे कहा कि केंद्र सरकार गर्भवती महिलाओं और 6 वर्ष तक के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

## दुगार्वाहिनी प्रांत प्रशिक्षण वर्ग का भव्य समापन

**चतराः** दुगार्वाहिनी प्रांत प्रशिक्षण वर्ग का समापन समारोह अत्यंत भव्य, गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में शनिवार को इंदुमती टिब्डेवाल सरस्वती विद्या मंदिर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दुगार्वाहिनी की बहनों, कार्यकताओं एवं समाज के विभिन्न दायित्ववान पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय टोली के सदस्य जगन्नाथ शाही जी का सानिध्य दुगार्वाहिनी की बहनों को प्राप्त हुआ। उनके प्रेरक उद्बोधन ने उपस्थित सभी बहनों एवं कार्यकताओं में नई ऊर्जा, उत्साह और राष्ट्रसेवा का भाव जागृत किया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ भारत और माँ दुर्गा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ पूरे परिसर में भक्तिमय एवं राष्ट्रभक्ति का वातावरण बन गया। उपस्थित सभी बहनों ने वंदे मातरम् एवं जय माँ दुर्गा के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का स्वागत किया।अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि जगन्नाथ शाही जी ने हिंदू राष्ट्र की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत केवल एक भूखंड नहीं, बल्कि ऋषियों, मुनियों, तपस्वियों और वीरांगनाओं की तपोभूमि है। यह राष्ट्र सनातन संस्कृति, अध्यात्म, परंपरा और शौर्य का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज की शक्ति और संरक्षण में महिलाओं की भूमिका सदैव अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।उन्होंने विशेष रूप से ऋषिकाओं की भूमिका का उल्लेख करते हुए बताया कि वैदिक काल से भारतीय नारी केवल परिवार तक सीमित नहीं रही, बल्कि ज्ञान, साधना, नीति, समाज-निर्माण और राष्ट्र जागरण में उसकी अग्रणी भूमिका रही है। उन्होंने गार्गी, मैत्रेयी, अपाला जैसी महान ऋषिकाओं का स्मरण करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव शक्ति, ज्ञान और सृजन का स्वरूप माना गया है।श्री शाही जी ने कहा कि भारत वसुधैव कुटुंबकम की भूमि है और इस भूमि के निर्माण, संरक्षण एवं गौरव बढ़ाने में महिलाओं का योगदान अतुलनीय रहा है। चाहे इतिहास हो, संस्कृति हो, धर्म हो या राष्ट्र रक्षा–हर क्षेत्र में मातृशक्ति ने अपनी अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने उपस्थित बहनों से आह्वान किया कि वे अपने भीतर निहित शक्ति को पहचानें और समाज के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएँ।अपने संबोधन के दौरान उन्होंने 33 कोटि देवी-देवताओं की भारतीय परंपरा का महत्व बताते हुए भारतवर्ष के गौरवशाली इतिहास की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन परंपरा विविधता में एकता का संदेश देती है और हमारे देवी-देवता प्रकृति, शक्ति, ज्ञान, करुणा और पराक्रम के प्रतीक हैं। उन्होंने बहनों को बताया कि हमारा इतिहास केवल अतीत नहीं, बल्कि भविष्य के निर्माण की प्रेरणा है।उन्होंने माँ दुर्गा के अस्त्र-शस्त्रों की विस्तृत व्याख्या करते हुए उनके आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि माँ दुर्गा के प्रत्येक अस्त्र-शस्त्र शक्ति, साहस, विवेक, धैर्य, न्याय और अधर्म के विनाश का प्रतीक हैं। उन्होंने दुगार्वाहिनी की बहनों से कहा कि वे माँ दुर्गा की शक्ति से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में आत्मविश्वास, निर्भीकता और समाजसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ें।उन्होंने रक्तबीज वध की कथा का भी उल्लेख किया और बताया कि किस प्रकार अधर्म और अन्याय के विनाश में माँ काली की निर्णायक भूमिका रही। उन्होंने कहा कि रक्तबीज केवल एक राक्षस नहीं बल्कि समाज में फैलने वाली नकारात्मक शक्तियों का प्रतीक है, जिसका अंत केवल जागृत शक्ति से संभव है। मातृशक्ति जब जागृत होती है, तो वह समाज और राष्ट्र की हर चुनौती का सामना करने में सक्षम होती है।समारोह में उपस्थित बहनों ने पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण वर्ग के अनुभव साझा किए। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान बहनों को शारीरिक, बौद्धिक, संगठनात्मक एवं सांस्कृतिक विषयों का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उनमें आत्मरक्षा, नेतृत्व, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### खूंटीः बोंगतेल गांव में जंगली हाथी का आतंक

# मकान तोड़ा, फसलों को पहुंचाया नुकसान





संवाददाता

**रनिया (खूंटी) :** जिले के रनिया प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण एवं जंगली क्षेत्रों में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हाथियों की गतिविधियों से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है और लोगों का जनजीवन प्रभावित होने लगा है। जानकारी के अनुसार, देर रात जंगल से भटककर एक जंगली हाथी बोंगतेल गांव पहुंच गया। हाथी ने किसान जॉन भेगरा के बारी में बने कच्चे खपरैल मकान को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा हाथी ने उपेंद्र सिंह के बारी में लगे आम के पेड़ों और फसल को भी पैरों से रौंदकर नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों के अनुसार, हाथी के उत्पात से प्रभावित परिवारों को आर्थिक क्षति हुई है। पीड़ित परिवारों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को घटना की जानकारी देते हुए वन विभाग से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पिछले तीन दिनों से जंगली हाथी बोंगतेल जंगल में डेरा जमाए हुए है। रात के समय वह गांव की ओर निकल आता है और फसलों तथा संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहा है। हाथी की लगातार मौजूदगी से ग्रामीणों में भय का माहौल है और लोग रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी को आबादी वाले क्षेत्र से दूर खदेड़ने तथा प्रभावित परिवारों को जल्द मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही हाथियों के बढ़ते आतंक से स्थायी समाधान निकालने की भी अपील की है, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

# साइबर ठगी का शिकार हुई महिला, खाते से निकाले 20 हजार

### न ओटीपी न मैसेज और न ही कोई लिंक, फिर भी साफ हो गया अकाउंट

### पीड़िता ने प्रशासन और बैंक अधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार



संवाददाता

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में पिछले 15 दिनों के भीतर दो महिलाओं के खाते से साइबर ठगों ने 29 हजार 500 सौ रूपए का चूना लगाए हैं।साइबर ठग अब इतने हाईटेक हो चुके हैं कि वे बिना किसी ओटीपी, मैसेज और लिंक पर क्लिक कराए ही लोगों के बैंक खातों से रुपये उड़ा रहे हैं। मामला चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के जबड़ा गांव स्थित एक महिला फिर साइबर ठगी का शिकार हो गई। साइबर अपराधियों ने पीड़िता से न तो कोई ओटीपी पूछा और न ही कोई एप या लिंक डाउनलोड करने के लिए कहा। लेकिन इसके बाबजूद भी पीड़िता के बैंक बचत खाते से बीस हजार रुपए की निकासी कर ली। पीड़िता ने शनिवार को हंटरगंज थाने में लिखित शिकायत दी है। शिकायत के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है। पीड़िता सरिता कुमारी ने बताया कि 23 मई को उन्होंने 73963 रुपए अपने खाते में लोन ली थी। जिसके बाद वह उसी दिन 10 हजार की निकासी की। दूसरे दिन फिर वह गांव के ही एक सीएससी संचालक के पास से अंगूठे के माध्यम से 10 हजार की निकासी की। सीएससी संचालक द्वारा इससे अधिक पैसा नहीं निकासी होने की हवाला देकर घर भेज दिया। जब 25 मई को शेष राशि निकासी के लिए बैंक ऑफ इंडिया शाखा गोसाईडीह बैंक पहुंची और खाते को प्रिंटिंग कार्रवाई तो बैंक कर्मियों ने बताया की उसके खाते से कुल 40 हजार निकासी हो गई है। वह आश्चर्य में पड़ गई कि आखिर मैं दो दिनों में मात्र दो बार में 20 हजार ही निकासी की हूं। तो फिर और 20 हजार कैसे अज्ञात कारणों से निकासी हो गया। उनका एटीएम कार्ड भी नहीं है, ना ही उसके पास कोई कॉल आया था,और ना ही ओटीपी बताई, इतना तक कि उसका बैंक में नंबर लिंक ही नहीं है,जिससे कोई फ्रॉड हो सके। लेकिन इसके बाद भी उनके खाता से कुल मिलाकर 20 हजार रुपए निकाल लिए गए। उन्होंने बैंक से इस फ्रॉड की शिकायत की तो उनकी शिकायत पर बैंक खाते ब्लॉक कर दिए गए हैं और बैंक कर्मियों के द्वारा थाने में शिकायत की बात कही गई।ज्ञात हो कि 15 मई को भी थाना क्षेत्र के बेला गांव की एक महिला को भी साइबर ठगो ने निशाना बनाते हुए 9 हजार 5 सौ रुपए का चूना लगाया था।

बैंक की भूमिका और लापरवाही पर सवालः कई मामलों में बैंकों पर भी सवाल उठे हैं कि आखिर सुरक्षा व्यवस्था इतनी कमजोर कैसे है कि ग्राहक के खाते से रुपये निकल रहे हैं।पीड़ितों का कहना है कि जब उन्होंने बैंक में संपर्क किया, तो उन्हें नेटवर्क समस्या या सिस्टम अपडेट का हवाला देकर वापस भेज दिया जाता है।

जब पीड़िता की शिकायत पर पुलिसकर्मियों ने बैंक मैनेजर से संपर्क साधा तो उन्होंने कहा कि यह राशि अंगूठे से निकासी की गई है। अब ऐसे में सावधान रहने की जरूरत है साइबर ठग आधार कार्ड और अंगूठे का क्लोन बना खातों से रुपए निकाल रहे हैं।सिर्फ पंद्रह दिनों में 2 मामले आ चुके हैं जिससे लोग डर और भ्रम में हैं। खासकर वरिष्ठ नागरिक और महिलाएं अब बैंक से बाहर सीएससी केंद्र से रुपये निकालने व मोबाइल बैंकिंग का उपयोग करने से डरने लगे हैं।

### नेताजी चौक में दर्दनाक हादसा

# क्रूजर की चपेट में आने से पत्रकार के पौत्र की मौत



संवाददाता

**खूंटी :** शहर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक स्थित एक आवासीय क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात हुए एक अत्यंत दर्दनाक सड़क हादसे में एक दैनिक समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार एवं खूंटी क्लब के उपाध्यक्ष राज कुमार गुप्ता के डेढ़ वर्षीय पौत्र आश्विक कुमार गुप्ता की असमय मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पीड़ित परिवार सहित पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे आश्विक के पिता सौरभ राज सपरिवार अपने घर लौटे थे। घर पहुंचने के बाद वे अपने बुजुर्ग पिता राज कुमार गुप्ता को पानी पिलाने और दवा खिलाने में व्यस्त हो गए। इसी बीच, घर का सबसे छोटा और सबका चहेता मासूम आश्विक खेलते-खेलते कब मुख्य दरवाजे से बाहर निकल गया, परिजनों को पता ही नहीं चला। बताया जाता है कि सड़क किनारे उनके घर के समीप ही एक सवारी क्रूजर वाहन खड़ा था, जिसके चालक ने बिना आगे-पीछे देखे अचानक गाड़ी स्टार्ट कर आगे बढ़ा दी और मासूम आश्विक उसकी चपेट में आ गया। इस दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद बदहवास परिजन बच्चे को लेकर खूंटी-रांची मुख्य मार्ग स्थित के एस गंगा अस्पताल पहुंचे, लेकिन परिजनों का आरोप है कि वहां 'डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने' की बात कहकर उन्हें सदर अस्पताल भेज दिया गया। इसके बाद आनन-फानन में बच्चे को सदर अस्पताल खूंटी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस एक पल की चूक और हादसे ने पूरे हंसते-खेलते परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। शनिवार सुबह से ही पत्रकार राज कुमार गुप्ता के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा, जिसमें विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक, पत्रकारिता एवं व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत बालक की आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को यह असहनीय पीड़ा सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस मर्मस्पर्शी हादसे ने जहां पूरे खूंटी शहर को झकझोर कर रख दिया है, वहीं घने रिहायशी इलाकों में वाहन संचालन के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता को भी एक बार फिर रेखांकित किया है।

### आम उत्पादकों को मिलेगा बेहतर बाजार

# क्रेता-विक्रेता संवाद कार्यक्रम में बनी महत्वपूर्ण सहमति

संवाददाता

**चतराः** उपायुक्त रवि आनंद के निदेर्शानुसार जिले में आम बागवानी से जुड़े किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने तथा उनके उत्पादों का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास भवन स्थित सभागार में आम क्रेता एवं विक्रेता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता डीआरडीए निदेशक श्रीमती अलका कुमारी ने की।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के आम उत्पादक किसानों को विपणन की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराना, उन्हें बाजार से सीधे जोड़ना तथा उनके उत्पादों का न्यायोचित मूल्य सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर जिले एवं जिले के बाहर से कुल 10 क्रेता उपस्थित हुए, जबकि जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 46 आम बागवानी लाभुक अपने-अपने आम के नमूनों (सैम्पल) के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। संवाद कार्यक्रम के दौरान क्रेताओं एवं किसानों के बीच विस्तृत चर्चा हुई। विभिन्न क्रेताओं ने आम की खरीद, गुणवत्ता, पैकेजिंग, परिवहन एवं विपणन संबंधी अपने विचार साझा किए। वहीं किसानों ने भी उत्पादन, बाजार उपलब्धता तथा मूल्य निर्धारण से जुड़ी अपनी अपेक्षाओं एवं अनुभवों को रखा। संवाद के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच आपसी समझ विकसित करने का प्रयास किया गया, जिससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके।

बैठक में यह महत्वपूर्ण सहमति बनी कि आम की खरीद गुणवत्ता के आधार पर की जाएगी तथा उसी अनुरूप मूल्य निर्धारित किया जाएगा। साथ ही क्रेताओं एवं विक्रेताओं ने किसान उत्पादक संगठन (ण्फपीओ) के माध्यम से आम की खरीद-बिक्री को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की। इससे किसानों को संगठित बाजार उपलब्ध होने के साथ-साथ विपणन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनने की संभावना है।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर उपायुक्त ने दिलाया तंबाकू मुक्त झारखंड का संकल्प

# स्वास्थ्य सेवाओं को और सुद्दढ़ बनाने का दिया निर्देश

संवाददाता

**खूंटी :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शनिवार को समाहरणालय सड्डागार में उपायुक्त मो. जावेद हुसैन की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विड्डाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत विश्व तंबाकू निषेध दिवस कार्यक्रम के शुड्डारंड्डा के साथ हुई, जहां उपायुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मियों को ₹तंबाकू मुक्त झारखंड₹ का संकल्प दिलाया और हस्ताक्षर अड्डियान में ड्डाग लेकर जागरूकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, श्वसन संबंधी गंड्डीर बीमारियों समेत कई जानलेवा रोगों का कारण बनता है। उन्होंने लोगों से तंबाकू की लत छोड़ने की अपील करते हुए कहा कि इसके लिए टोल फ्री नंबर 1800-11-2356 या निकटतम नशा मुक्ति केंद्र की सहायता ली जा सकती है।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विड्डाग की विड्डिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने नीति आयोग के स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार लाने के लिए एएनसी रजिस्ट्रेशन, संस्थागत प्रसव, बीसीजी एवं ओपीवी-1 टीकाकरण कवरेज बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सड्डी विड्डागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

कुपोषित बच्चों के उपचार के लिए संचालित एमटीसी केंद्रों में शत-प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उपायुक्त ने मलेरिया नियंत्रण अड्डियान को और प्रड्डावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने प्रड्डावित क्षेत्रों में नियमित जांच, दवा छिड़काव तथा जनजागरूकता अड्डियान चलाने के निर्देश दिए।




टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिक से अधिक संदिग्ध मरीजों की जांच कर समय पर उपचार सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही एचपीवी टीकाकरण, लिंगानुपात में सुधार तथा स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष बल दिया।

ब्लड बैंक की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने नियमित रक्तदान शिविर आयोजित करने और रक्त की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान ड्डारत योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों एवं लाड्डुकों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए पात्र लोगों को अधिकाधिक लाड्डा पहुंचाने पर जोर दिया।

उपायुक्त ने आरोग्य समिति की नियमित बैठक, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के बेहतर संचालन तथा स्वास्थ्य सेवाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को सक्रिय एवं जवाबदेह रहते हुए आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। एम्बुलेंस सेवा की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों के मरीजों को समय पर एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। बैठक में सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मूलड्डूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर ड्डी जोर दिया गया। उपायुक्त ने अस्पतालों में पेयजल, स्वच्छ शौचालय, नियमित साफ-सफाई, मरीजों के परिजनों के बैठने की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश सिविल सर्जन एवं सड्डी एमओआईसी को दिए।

बैठक में सिविल सर्जन सहित स्वास्थ्य विड्डाग के विड्डिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

# झारखंड बीएड प्रवेश परीक्षा संपन्न, 45 हजार से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल

## रांची के 30 परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों ने दिया एग्जॉम

संवाददाता



**रांची:** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) द्वारा आयोजित झारखंड बीएड प्रवेश परीक्षा 2026 रविवार को राज्यभर के 94 परीक्षा केंद्रों पर हो रही है। परीक्षा में 45 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए हैं। राजधानी रांची में सबसे अधिक 30 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे।

परीक्षा को लेकर प्रशासन और परीक्षा पर्षद की तैयारियां मुकम्मल दिखीं। बीएड पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आयोजित यह प्रवेश परीक्षा सुबह 10 बजे शुरू हुई, जो दोपहर 12 बजे तक चली। अभ्यर्थियों को सुबह 9 बजे तक परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया था। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड और वैध फोटो पहचान पत्र अनिवार्य किया गया। निर्धारित समय के बाद पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया।

झारखंड में वर्तमान में 136 बीएड कॉलेज संचालित हैं, जिनमें सरकारी और निजी संस्थान शामिल हैं। परीक्षा परिणाम के आधार पर ही इन कॉलेजों में नामांकन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पूरे झारखंड में बीएड की करीब 13,600 सीटों पर दाखिले के लिए 45 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

**रांची के 30 केंद्रों पर परीक्षा:** राजधानी रांची में मारवाड़ी कॉलेज, रांची कॉलेज, गोस्सनर कॉलेज, डोरंडा कॉलेज, निर्मला कॉलेज, संत जेवियर्स कॉलेज, योगदा सत्संग महाविद्यालय समेत विभिन्न शिक्षण संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। रांची में बनाए गए 30 केंद्रों पर हजारों अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। केंद्राधीक्षकों, वीक्षकों और उड़नदस्ता दल को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं ताकि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हो सके।

**रांची के अलावा कई जिलों में परीक्षा केंद्र:** राज्यभर में रांची के अलावा धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका, पलामू, हजारीबाग और चाईबासा सहित विभिन्न जिला मुख्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत किया गया है। सभी केंद्रों पर निगरानी के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

**प्रवेश परीक्षा 100 अंकों की:** प्रवेश परीक्षा 100 अंकों की है, जिसके लिए दो घंटे का समय निर्धारित है। प्रश्नपत्र में हिंदी भाषा से 15, अंग्रेजी भाषा से 15, शिक्षण अभिक्षमता से 40 और तर्कशक्ति से 30 प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा में प्रत्येक गलत उत्तर पर 0.25 अंक की निगेटिव मार्किंग भी लागू है। परीक्षा का परिणाम बीएड संस्थानों में नामांकन की प्रक्रिया का आधार बनेगा।

**झारखंड के लिए 85 प्रतिशत सीटें आरक्षित:** झारखंड के विश्वविद्यालयों से स्नातक करने वाले अभ्यर्थियों के लिए 85 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। जबकि 15 प्रतिशत सीटें ओपन श्रेणी के लिए निर्धारित हैं। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए स्नातक में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक या स्नातकोत्तर में 55 प्रतिशत अंक आवश्यक हैं। आरक्षित वर्ग के लिए यह सीमा 45 प्रतिशत निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड, फोटो पहचान पत्र तथा काला या नीला बॉलपॉइंट पेन लेकर आने का निर्देश दिया गया था। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं थी। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**सभी केंद्रों पर की गयी मॉनिटरिंग:** रांची एसडीओ कुमार रजत ने बताया कि राजधानी के सभी 30 परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

# संदिग्ध परिस्थिति में गायब हुई युवती इंस्टाग्राम पर रहती थी काफी सक्रिय

मेट्रो रेज




**रांची:** राजधानी रांची के लालपुर थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक 17 वर्षीय लड़की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लड़की के पिता ने इस संबंध में लालपुर थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर अपनी बेटी की सुरक्षित खोजबीन करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।सुबह 11 बजे बिना बताए निकली घर से: थाना में दिए गए आवेदन के अनुसार, लालपुर थाना क्षेत्र के वर्दवान कंपाउंड स्थित गुलमोहर पार्क के रहने वाले अरविंद कुमार गुप्ता (पिता- वीर चन्द्र प्रसाद) की 17 वर्षीय बेटी सिमरन कुमारी अचानक गायब हो गई है। पीड़िता के पिता ने बताया कि बीते कल (29 मई) सुबह करीब 11 बजे सिमरन बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं निकल गई। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी, तो परिजनों को चिंता हुई।

**घर पर ही छोड़ गई अपना मोबाइल:** परिजनों के अनुसार, सिमरन अपना मोबाइल फोन घर पर ही छोड़ कर गई है, जिससे उससे संपर्क कर पाना नामुमकिन हो रहा है। इसके अलावा, वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर भी काफी सक्रिय रहती थी। परिजनों ने अपने स्तर पर सगे-संबंधियों, दोस्तों और आस-पड़ोस में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं भी कोई सुराग नहीं मिल पाया। थक-हारकर पीड़ित पिता अरविंद कुमार गुप्ता ने 30 मई 2026 को लालपुर थाना प्रभारी को आवेदन सौंपकर न्याय और मदद की अपील की है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निवेदन किया है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित खोजबीन की जाए ताकि उनकी बेटी सही-सलामत घर वापस आ सके। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है और लड़की के इंस्टाग्राम अकाउंट व अन्य संभावित सुरागों के जरिए उसकी तलाश में जुट गई है।

# रिम्स में 5 वर्षीय बच्ची की हुई सफल ओपन हार्ट सर्जरी

✔ आयुष्मान योजना के तहत हुआ नि:शुल्क ऑपरेशन

संवाददाता



रांची: राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स के कार्डियोलॉजी विभाग ने पिछले सोमवार को जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 05 वर्षीय बच्ची की सफल ओपन हार्ट सर्जरी कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ शिशिर कुमार महतो ने इसकी जानकारी दी है।

उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बच्ची के हृदय में जन्म से छेद (सेप्टल डिफेक्ट) था, जिसके कारण उसे सांस फूलना, बार-बार निमोनिया होना, धड़कन तेज होना तथा वजन न बढ़ने जैसी गंभीर समस्याएं हो रही थी। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग द्वारा बच्ची का इकोकार्डियोग्राफी और कार्डियक सीटी जांच के बाद बीमारी की पुष्टि हुई थी।

चिकित्सकों के अनुसार, समय पर उपचार न मिलने पर ऐसी स्थिति फेफड़ों के दबाव में वृद्धि और आगे चलकर गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकती थी। सर्जरी के दौरान हृदय के छेद को सफलतापूर्वक बंद किया गया। ऑपरेशन के बाद बच्ची की स्थिति स्थिर है और उसके लक्षणों में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। यह उपचार आयुष्मान योजना के तहत पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया गया।

विभाग ने 28 मई को बच्ची का पांचवां जन्मदिन भी अस्पताल परिसर में स्नेह एवं उल्लास पूर्वक मनाया। इस सफल सर्जरी का नेतृत्व डॉ। राकेश चौधरी ने किया। कार्डिएक एनेस्थीसिया टीम का नेतृत्व प्रो। डॉ। शिव प्रिये और डॉ। मुकेश कुमार ने किया। जबकि रेजिडेंट डॉक्टरों, ओटी असिस्टेंट्स, परफ्यूजनिस्ट, आईसीयू नर्सिंग एवं फ्लोर स्टाफ ने मरीज की त्वरित और समन्वित देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मरीज के परिजनों ने सफल उपचार और संवेदनशील देखभाल के लिए रिम्स के कार्डियोथोरेसिक विभाग, चिकित्सकों और समस्त स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया है। जल्द ही पूर्ण स्वस्थ होकर बच्ची अपने घर लौट जाएगी।

## दहेज प्रताड़ना और मारपीट मामले में पति समेत चार पर प्राथमिकी दर्ज

**रामगढ़:** थाना क्षेत्र के नईसराय की एक महिला ने पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने मामले में चार लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। पीड़िता नगमा प्रवीण ने अपने पति मो शाहीद, ससुर मो असलम, देवर मो वारिस और सास सकीला बानो के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है।

मारपीट में घायल होने का आरोप : दर्ज आवेदन में कहा गया है कि 29 मई की रात करीब नौ बजे पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों ने उसके साथ मारपीट की। घटना में उसके सिर तथा शरीर के अलग-अलग हिस्सों में चोटें आईं। महिला ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर उसके मायके पक्ष के लोग नईसराय स्थित ससुराल पहुंचे, जहां उनके साथ भी विवाद हुआ। इस दौरान उसके भाई के साथ कथित रूप से मारपीट की गयी, जिससे उसकी आंख के नीचे गंभीर चोट लगी।

दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ना का आरोप : पीड़िता ने आवेदन में बताया है कि वर्ष 2017 में उसका विवाह मो शाहीद के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह के लगभग एक वर्ष बाद से ही दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। उसका आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी, गाली-गलौज की जाती थी और तलाक देने की धमकी दी जाती थी। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उसका मोबाइल फोन ससुराल पक्ष ने अपने पास रख लिया है।

**पुलिस ने शुरू की जांच :** रामगढ़ थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवक के साथ मारपीट, पैसे छीनने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

मेट्रो रेज संवाददाता



**रांची:** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट, पैसे छीनने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक निक्कू कुमार वर्मा ने इस संबंध में सुखदेव नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, निक्कू कुमार वर्मा ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र के रहने वाले भोला चौधरी और आयुष कुमार ने उनसे पैसे छीन लिए। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो दोनों आरोपितों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। इस दौरान निक्कू के सिर में गंभीर चोट लग गई, जिससे वह घायल हो गए।

पीड़ित के अनुसार, घटना के बाद वह न्याय की मांग को लेकर सुखदेव नगर थाना पहुंचे और पूरे मामले की लिखित शिकायत पुलिस को सौंपी। आरोप है कि थाना में शिकायत दर्ज कराने की जानकारी मिलने के बाद भोला चौधरी और आयुष कुमार ने उन्हें दोबारा धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपितों ने कहा कि मामला दर्ज कराने की वजह से अब उन्हें जान से मार दिया जाएगा।

निक्कू कुमार वर्मा ने यह भी आरोप लगाया है कि इससे पहले भी उनके ऊपर जानलेवा हमला करने की कोशिश की जा चुकी है। लगातार मिल रही धमकियों के कारण वह और उनका परिवार भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। मामले को लेकर सुखदेव नगर थाना पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की जा रही है तथा जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं चिंता का विषय हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और लोगों में सुरक्षा की भावना कायम रहे।

# घर में लगी भीषण आग में दो लोग बुरी तरह झुलसे

**बोकारो:** जिले के एलएच कॉलोनी स्थित एक घर में भीषण आग लग गई। इस घटना में दो लोग बुरी तरह झुलस गए। दोनों को बोकारो जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां बर्न यूनिट में शिफ्ट कर दिया गया है। इसमें से एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। यह घटना शनिवार को बोकारो के बीएसएल के एलएच कॉलोनी की स्ट्रीट 15 के मकान नंबर 6 में हुई। बताया जा रहा है कि घर में मिट्टी तेल का एक ड्रम रखा हुआ था। वहां पहले आग लगी, फिर तेजी से फैलते हुए पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें देखकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की। वहीं, सूचना पाकर एक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि इस हादसे में घर का मालिक भाना झा और महबूब आलम बुरी तरह झुलस गए। दोनों को बोकारो जनरल अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां भाना झा की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास ने कहा कि केरोसिन तेल के ड्रम में आग लगने के कारण पूरे घर में आग लग गई। इस मामले में दो लोग बुरी तरह झुलस गए। थाना प्रभारी ने बताया कि तेल गोदाम अवैध था या कुछ और, पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही पूरा मामला साफ हो पाएगा।

# जलाशयों, डैमों और नदियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए व्यापक अभियान चलाने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

संवाददाता



**रांची:** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने रांची शहर एवं जिले के सभी प्रमुख जलाशयों, डैमों और नदियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि हरमू नदी के पूरे जलग्रहण क्षेत्र (वाटर कैचमेंट एरिया) के साथ-साथ कांके डैम, धुर्वा डैम एवं अन्य प्रमुख जलाशयों के आसपास किए गए अवैध निर्माणों और अतिक्रमणों को चिन्हित कर शीघ्र हटाया जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि अतिक्रमण हटाने में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा ढिलाई बरतने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने ये निर्देश समाहरणालय में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। बैठक का आयोजन रांची शहर एवं जिले की जल सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रमुख जलाशयों एवं नदियों पर हुए अतिक्रमण की स्थिति की समीक्षा के लिए किया गया था। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि रांची की जल प्रणाली को सुरक्षित रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अनियोजित एवं अवैध अतिक्रमण के कारण जलाशयों की जलधारण क्षमता लगातार प्रभावित हो रही है, जिससे जल संकट, शहरी बाढ़ और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे में जल स्रोतों का संरक्षण और पुनर्जीवन समय की आवश्यकता है।

उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित जलाशयों, नदियों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों का तत्काल सर्वेक्षण कर अतिक्रमण की सूची तैयार करें। इसके बाद निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम, जल संसाधन विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन तथा वन विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि कार्रवाई में किसी प्रकार की बाधा न आए।

बैठक में उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि अतिक्रमण हटाने के बाद संबंधित जलाशयों और नदी तटों के संरक्षण एवं विकास के लिए दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार की जाए। इसके अंतर्गत जलाशयों के किनारों का सौंदर्यीकरण, हरित क्षेत्र का विकास तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अन्य उपायों को शामिल किया जाए।

उन्होंने कहा कि रांची शहर को जल संकट से मुक्त तथा पर्यावरणीय रूप से संतुलित बनाने के लिए यह अभियान पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ चलाया जाएगा। साथ ही अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भी नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में अपर समाहर्ता रांची रामनारायण सिंह, भू-बंदोबस्त पदाधिकारी रांची राजेश कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। सभी अंचल अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मुरहू
ग्रामः गम्हरिया प्रखंडः मुरहू जिलाः खूंटी

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा संख्या –03 / 2026–27

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मुरहू** में अध्ययन करने वाले छात्र / छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2026 - 27 में **फल, सब्ज़ियाँ, नॉन– वेज, दूध उत्पाद, एवं मिठाइयों** की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक **09 / 06 / 2026** के अपराह्न 03.00 बजे तक मुहरबंद निविदा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मुरहू के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, खूंटी में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते है। दिनांक **10 / 06 / 2026** के अपराह्न 3.00 बजे **परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूंटी, (ITDA) के कार्यालय कक्ष ( समाहरणालय भवन, खूंटी, 'ए' ब्लॉक, कमरा न. 01)** में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में क्रय सलाहकार उप–समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें नमूना एवं सम्बंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे । आपूर्ति सम्बंधित विवरणी एवं निविदा की शर्तें खूंटी जिला के आधिकारिक वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं विद्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मुरहू

PR.NO.381142 District(26-27):D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
WATER WAYS DIVISION, RANCHI.
(ROOM NO-503, JAL BHAWAN, DORANDA-834002)

Very Short Notice Inviting e-quotation
( 2nd Call, PR No.- 375183 )
Notice No.- 01/2026-27

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for hire charges of Plant & Machineries annexed as Annexure-1 for Construction Works from Reputed Manufacturers/Owners/Lessee for respective items. The Hire Charges conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in Details of Plant and Machineries are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate for hire charges of Plant and Machineries online from 02.06.2026 at the 11:30hrs. to 08.06.2026 at 17:00 hrs. The quotation will be opened on 09.06.2026 at 17:00 hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Hire Charges of Plant and Machineries at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

Executive Engineer
Water Ways Division, Ranchi.

PR 381126 Water Resource(26-27).D




# इंटरव्यू क्रैक करने के लिए जरूर करें गूगल के 3 फ्री ऑनलाइन कोर्स

**दुनिया की सबसे बड़ी तकनीकी कंपनियों में से एक, आपको इंटरव्यू क्रैक करने में मदद करने के लिए कई मुफ्त ऑनलाइन कोर्स प्रदान करती है। ये कोर्स आपको न केवल तकनीकी जानकारी बल्कि सॉफ्ट स्किल्स भी डेवलप करने में मदद करते हैं, जो किसी भी इंटरव्यू में सफलता की कुंजी हैं।**

गूगल अपने कई डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिये छात्रों एवं पेशेवरों के लिए समय-समय पर ऑनलाइन वर्कशॉप, सेमिनार, इवेंट और ऑनलाइन फ्री कोर्स की पेशकश करता है। गूगल की पहल से शुरू इन कोर्सेज में अक्सर छात्रों व पेशेवरों को उन क्षेत्रों के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है, जिनकी जॉब मार्केट में मांग बढ़ रही है। हाल ही में गूगल ने नौकरी पर आधारित कई ऑनलाइन कोर्स की शुरुआत की है। ये कोर्स उन युवाओं के लिए अधिक उपयोगी हैं, जो पहली बार किसी इंटरव्यू या नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं। साथ ही उन पेशेवरों के लिए भी लाभकारी है, जो नौकरी के साथ-साथ अतिरिक्त कौशलों को सीखना चाहते हैं।

मार्केटिंग स्ट्रेटजी एंड एआई गूगल के मार्केटिंग विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन एक घंटे के इस कोर्स के जरिये ग्राहकों से जुड़ने के लिए एआई का लाभ कैसे उठाया जाए इससे आपको परिचित करवाया जाएगा। इस कोर्स के माध्यम से यह भी बताया जाएगा कि एआई मार्केटिंग परिदृश्य को कैसे बदल रहा है और मार्केटिंग के लिए क्या अवसर मौजूद हैं।

### टेलिंग स्टोरी विद डाटा विजुअलाइजेशन

45 मिनट का यह ऑनलाइन कोर्स आपको एक आकर्षक डाटा विजुअलाइजेशन बनाने के विभिन्न तरीकों के बारे में सिखाएगा। कोर्स के दौरान आपको सही विजुअलाइजेशन का चयन करना भी सिखाया जाएगा। इसलिए यह कोर्स उन छात्रों एवं पेशेवरों के लिए अधिक महत्वपूर्ण है, जो अक्सर स्कूल, कॉलेज या कार्यस्थल पर प्रेजेंटेशन देते हैं।

### सोशल मीडिया स्ट्रेटजी

इस तकनीकी दौर में विभिन्न प्लेटफॉर्म एवं संगठन को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए सोशल मीडिया टीम की आवश्यकता होती है। यह कोर्स उन पेशेवरों के लिए अधिक लाभकारी है, जिनकी सोशल मीडिया में विशेष रुचि है। इस कोर्स में आपको सबसे पहले ऑनलाइन नए ग्राहकों तक पहुंचने की विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही एक सरल सोशल मीडिया स्ट्रेटजी और सोशल मीडिया पोस्ट बनाने के लिए ऐसे टूल्स के बारे में भी बताया जाएगा, जो आपका कीमती समय बचा सकते हैं।

### बिल्ड ए सीवी एंड राइट ए कवर लेटर

किसी भी नौकरी में आवेदन के लिए आजकल एक अच्छे रिज्यूमे के साथ-साथ एक कवर लेटर भेजने का ट्रेंड भी खूब चलन में है। यदि आपका रिज्यूमे और कवर लेटर दोनों ही बेहतरीन हैं, तो नौकरी में सफल होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। एक घंटे के इस कोर्स में आपको एक अच्छे रिज्यूमे व कवर लेटर में अधिक महत्वपूर्ण जानकारी को साझा करने के तरीकों के बारे में बताया जाएगा। यह कोर्स नौकरी की तलाश करने वाले युवा पेशेवरों को विभिन्न टूल्स से भी परिचित करवाएगा, जिसकी मदद से आप आसानी से नौकरी पा सकते हैं।




# स्किल्स हैं आपके अंदर तो नौकरी के मिलेंगे कई विकल्प

एक बढ़िया नौकरी हासिल करने के लिए डिग्री और एक्सपीरियंस के अलावा स्किल्स की भी जरूरत होती हैं। ऐसे में अगर आपके पास डिग्री या एक्सपीरियंस नहीं हो तब भी आपको अच्छी नौकरी मिल सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ नए स्किल्स को सीखना पड़ेगा। चलिए जानते हैं। इसके बारे में।

### कम्युनिकेशन स्किल

अगर आपका कम्यूनिकेशन स्किल अच्छा है तो आप किसी भी तरह की नौकरी कर सकती हैं। कम्यूनिकेशन स्किल अच्छा करना काफी ज्यादा जरूरी हैं। आज के समय में अगर आपका कम्युनिकेशन स्किल अच्छा है तो आपको कही भी नौकरी मिल जाएंगी।

### प्रॉब्लम सॉल्विंग एटिट्यूड

अगर आप किसी टास्क को पूरा कर रही हैं तो उनमें कई सारे प्रॉब्लम भी आएंगे। आपको उस प्रॉब्लम से भागने नही चाहिए। आपको प्रॉब्लम सॉल्विंग एटीट्यूड बनाना होगा। किसी भी मुसीबत से कैसे निकलना है यह आपको पता होना चाहिए। इन चीजों के जरिए ही आप कुछ नई चीजें सीख पाएंगे।

### अंग्रेजी पर दें विशेष ध्यान

अगर आप भीड़ में सबसे अलग दिखना चाहते हैं तो आपको अंग्रेजी पर विशेष ध्यान देना काफी ज्यादा जरूरी है। इसके जरिए ही आपको एक अच्छी नौकरी मिनटों में मिल सकती हैं। इतना ही नहीं, आप अपनी अंग्रेजी से अपने सीनियर को इंप्रेस भी कर सकती हैं। इसके लिए आपको केवल थोड़ी सी प्रैक्टिस की जरूरत है।






# इटली में इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के लिए भी है स्कॉलरशिप

**इटली बहुत ही सुंदर देश है और इटैलियन वाइन और पिज्जा के बारे में तो पूरी दुनिया जानती है, लेकिन सुंदरता और फूड से परे, इटली में स्टूडेंट्स के लिए भी काफी कुछ है। इटली एक ऐसा देश है जहां आप कई तरह की स्कॉलरशिप का मजा उठा सकते हैं। ये सिर्फ इटैलियन बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि, इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के लिए भी है। इंटरनेशनल स्टूडेंट्स जिनकी फैमिली में लो इनकम होती है उनके लिए यह स्कॉलरशिप अच्छी साबित हो सकती है।**

इटली में स्कॉलरशिप लेकर पढ़ने की सबसे अच्छी बात यह है कि यहां स्टूडेंट्स को स्टाइपेंड भी मिलती है। यानी आपको ना सिर्फ फीस माफी और रहने की जगह मिलेगी, बल्कि आपको पैसे भी मिलेंगे। स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप और एग्जाम्स की जानकारी देने वाली इंफ्लूएंसर ने इससे जुड़ी जानकारी शेयर की है। उन्होंने एक ऐसी स्कॉलरशिप के बारे में बताया जिसे इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के दिया जा रहा है। शर्त यह है कि उनकी फैमिली इनकम काफी कम होनी चाहिए। मिडिल क्लास फैमिली इनकम के बराबर यानी 20 से 22 लाख सालाना या उससे कम।

### MAECI प्रोग्राम

Ministry of Foreign Affairs and International Cooperation (MAECI) जैसा कि नाम बता रहा है, यह विदेश मंत्रालय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग द्वारा दी जाने वाली स्कॉलरशिप है। यहा स्कॉलरशिप विदेशी नागरिकों और विदेश में रहने वाले इतालवी स्टूडेंट्स को दी जाती हैं। इसे एक तरह का इंटरनेशनल फॉरेन एक्सचेंज प्रोग्राम ही समझ लीजिए। यह इसलिए दी जाती है ताकि सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। इटली की सरकार स्थानीय इतालवी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा दे रही है जिससे वैश्विक स्तर पर देश की छवि बेहतर हो और अर्थव्यवस्था को भी थोड़ा फायदा मिल सके।

### किन कोर्सेस के लिए मिलती है स्कॉलरशिप?

- मास्टर डिग्री कोर्स
- पीएचडी डिग्री

शैक्षणिक सुपरविजन के तहत रिसर्च मॉड्यूल इतालवी भाषा का कोर्स (केवल 3 महीने के लिए)

जिसे भी MAECI प्रोग्राम के तहत स्कॉलरशिप मिलती है उसे ना सिर्फ ट्यूशन फीस नहीं देनी होती, बल्कि उसे 900 यूरो (83,223 रुपये) मासिक स्कॉलरशिप भी मिलती है। हां, ये स्कॉलरशिप सिर्फ किसी इटैलियन बैंक में ही ली जा सकती है। इसके अलावा, किसी में नहीं।

### IYT प्रोग्राम

IYT (इंवेस्ट योर टैलेंट इन इटली) प्रोग्राम में भाग लेकर, छात्रों को अकादमिक और तकनीकी स्किल्स को विकसित करने का अवसर मिलता है। इस प्रोग्राम के तहत जितनी भी पढ़ाई होती है उसे इंग्लिश भाषा में सिखाया जाता है, इसलिए अगर आपको इटैलियन या इतालवी भाषा नहीं आती, तो भी दिक्कत नहीं है। इसमें मास्टर डिग्री कोर्स और मास्टर प्रोग्राम (1 साल का पीजी डिप्लोमा कोर्स) करवाया जाता है। हालांकि, इसमें बहुत सारे बेनेफिट्स हैं, लेकिन इसके लिए आपको नीचे बताए गए फील्ड्स में से किसी एक का होना होगा-

- इंजीनियरिंग
- एडवांस टेक्नोलॉजी
- इकोनॉमिक्स और मैनेजमेंट
- वास्तुकला (आर्किटेक्चर) और डिजाइन

यहां सिर्फ स्कॉलरशिप नहीं मिलती बल्कि इटैलियन कंपनियों में ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग देकर स्टूडेंट्स को एक्सपीरियंस भी दिया जाता है। यह स्कॉलरशिप काफी अच्छी मानी जाती है और इसके जरिए आप अपने लिए बहुत अच्छा करियर ऑप्शन चुन सकते हैं। इसके साथ ही, आपको IYT में ट्यूशन फीस नहीं देनी होती और साथ ही हर महीने 1000 यूरो दिए जाते हैं जो लगभग 9 महीने मिलते हैं। तो कुल राशि व 9000 मतलब भारतीय मुद्रा में 8 लाख 32 हजार रुपये के आस-पास है।


### DSU

DSU (Diritto allo Studio Universitario) पूरी तरह से इटैलियन प्रोग्राम है जिसमें इटैलियन सरकार और रीजनल ऑर्गेनाइजेशन उन स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप देती हैं जिनके पास पढ़ने के लिए ठीक तरह से पैसे नहीं हैं। इसके लिए इटैलियन यूनिवर्सिटीज में बैचलर्स या मास्टर्स डिग्री के लिए अप्लाई किया जा सकता है।

### DSU की ग्रांट में ये शामिल है

- इंआय के आधार पर ट्यूशन फीस में कटौती या माफी
- इंनि-शुल्क आवास
- इंनि-शुल्क या रियायती भोजन
- इंअतिरिक्त खर्चों को कवर करने के लिए मासिक भुगतान (खेल, किताबें, आदि)
- इंइस स्कॉलरशिप में लगभग 7000 यूरो सालाना यानी 6.47 लाख रुपये के आस-पास दिए जाते हैं।






# कैसे काम करता है एआई जॉब फीचर

**अगर आप जॉब के लिए रिज्यूम भेजने में काफी समय लगता है, तो आप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा ले सकते हैं।**

जॉब सीकर्स के लिए जॉब ढूंढ़ना काफी मुश्किल होता है। इसके लिए रोज-रोज हर जगह रिज्यूम सेंड करना होता है। फिर भी जरुरी नहीं कि उन्हें सफलता मिल ही जाए। कई बार सीवी रिजेक्ट होते हैं और बार-बार कैंडिडेट को उदासी और डिप्रेशन का शिकार होना पड़ता है। हालांकि एक-एक जगह कंपनी को देखते हुए रिज्यूम भेजने में काफी टाइम भी लगता है और कई अवसर तो छूट भी जाते हैं। लेकिन अब इसके लिए ज्यादा परेशान होने की जरुरत नहीं। मार्केट में कई एआई जॉब टूल आ गए हैं, जो आपके सीवी को मिनटों में कई जगह पर खुद ही सेंड कर देते हैं। खास बात ये है कि आपको जॉब एप्लिकेशन फॉर्म भरने की भी जरुरत नहीं पड़ेगी। बस कुछ डिटेल्स को टूल में फिल करनी है। उसके बाद सारी जिम्मेदारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की होती है। ये एक ही बार में हजारों कंपनियों में आपका सीवी भेज सकते हैं। आइए जानते हैं, यह कैसे काम करता है।

### कैसे काम करता है जॉब जीपीटी

- जॉब जीपीटी का क्रोम एक्सटेंशन एड करके आप सिर्फ एक क्लिक में हजारों जगह जॉब के लिए अप्लाई कर सकते हैं।
- इसमें आपको जॉब से रिलेटेड स्किल्स और जॉब लोकेशन जैसे डिटेल्स भरने होंगे।
- इसके बाद एक सेशन में कितनी जगह जॉब अप्लाई करना है उसको भी सिलेक्ट करना होगा।
- यहां आपको लोकेशन, सैलरी, जॉब पोस्टिंग डेट, इंडस्ट्री, एक्सपीरियंस लेवल, जॉब टाइटल और रिमोट/ऑनसाइट बेस्ड हर ऑप्शन पर अपनी मर्जी का जॉब फिल्टर कर सकते हैं।
- इसके बाद कभी भी जब मन करें बस एक सिंगल क्लिक पर आप लगभग 1,000 जॉब के लिए सीवी भेज सकते हैं।

### जॉब जीपीटी के फायदे

लिंक्डइन जैसे जॉब पोर्टल पर भी जॉब जीपीटी फीचर का फायदा मिल सकता है। इसकी खासियत ये है कि इसमें आपके समय की बचत होगी। कम समय में ज्यादा से ज्यादा जगह जॉब के लिए अप्लाई करेंगे। इससे जॉब मिलने की चांसेस भी काफी हद तक बढ़ जाएगी। किसी भी फ्री टाइम में आप इसका आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए कोई टाइम की लिमिटेशन भी नहीं होगी।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

**न्यूज IN ब्रीफ**

## करंट लगने से किशोरी की मौत

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़ी कोदरजन्ना निवासी मुरलीधर मंडल की 16 वर्षी पुत्री गुड़ी कुमारी की मौत करंट लगने से हो गई।स्वजनों ने उसे तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता मुरलीधर ने बताया कि मैं मजदूरी का काम करता हूं और मजदूरी करने के लिए गया हुआ था। बेटी और पत्नी घर पर थी घर के दरवाजे के पास एक बिजली का तार था घर घुसने के दौरान इस तार को पकड़ ली जिसके कारण वह मूर्छित हो गई। चीख पुकार के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हुए और इस घटना की जानकारी मुझे मिली तुरंत काम छोड़कर मैं घर पहुंचा और इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया लेकिन तब तक मेरी पुत्री की मौत हो चुकी थी। इधर किशोरी की मौत की खबर जिरवाबाड़ी पुलिस को मिलते हैं सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए और सब को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जहां डाक्टर ने सबका पोस्टमार्टम किया।

## रंगदारी मांगने के आरोप में चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र में रंगदारी मांगने के आरोप को लेकर चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में सकरी गली निवासी जितेंद्र यादव ने थाना में लिखित शिकायत देकर मामला दर्ज कराया है।थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि शिकायत के आधार पर शोभापुर भट्ठा निवासी सुनील यादव सहित कुल चार लोगों के विरुद्ध रंगदारी मांगने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले को लेकर नगर थाना कांड संख्या 88/26 दर्ज किया गया है।पुलिस ने बताया कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## लोक अदालत में सात मामलों का हुआ निष्पादन

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज श्री अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज साहिबगंज न्यायालय एवं राजमहल अनुमंडल न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया।लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों की सुनवाई की गई ।जिसमें पक्षकारों की आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर कुल सात मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। इन मामलों के निष्पादन के दौरान कुल ₹2000 की समझौता सह जुमार्ना राशि प्राप्त हुई।मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज सिंधु नाथ लामाये ने बताया कि लोक अदालत न्याय प्राप्ति का एक सरल सुलभ व प्रभावी माध्यम है।जहां पक्षकार आपसी सहमति से अपने विवादों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील भी की। लोक अदालत के सफल आयोजन से लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण को बढ़ावा मिला तथा पक्षकारों को समय और धन की बचत के साथ त्वरित न्याय प्राप्त हुआ।कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारीगण अधिवक्ता गण बैंक प्रतिनिधि न्यायालय कर्मी और संबंधित पक्षकार उपस्थित रहे।

## मुफस्सिल थाना ने गुम हुआ मोबाइल ढूंढ कर मह मालिक को सौंपा

**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार मुफस्सिल थाना पुलिस ने मानवीय संवेदना और सक्रियता का परिचय देते हुए एक व्यक्ति का खोया हुआ मोबाइल बरामद कर उसे सकुशल सुपुर्द किया है। जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम गुरहेट निवासी सूरज कुमार दास ने अपना मोबाइल खो जाने के संबंध में थाना में आवेदन दिया था, जिसके आधार पर मुफस्सिल थाना कांड संख्या 18/25 दर्ज किया गया था।मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुफस्सिल थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी शाखा की मदद से गुम हुए मोबाइल को खोज निकाला।अपना मोबाइल वापस पाकर वादी सूरज कुमार दास ने हजारीबाग पुलिस और विशेष रूप से मुफस्सिल थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की और कहा कि पुलिस ने जिस तत्परता से काम किया है, उससे आम लोगों का भरोसा बढ़ा है।मुफस्सिल थाना प्रभारी ने बताया कि नागरिकों की सुरक्षा और उनके सामान की बरामदगी के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की घटना या सामान खोने की सूचना तुरंत नजदीकी थाना को दें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## लोक अदालत में 60 मामलों का हुआ निष्पादन

**हजारीबाग :** हरेक माह की भांति इस शनिवार को एक मासिक लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चन्द्र मिश्रा के देखरेख में और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आयोजित इस लोक अदालत में कुल 60 मामलों का निष्पादन पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया गया। इस लोक अदालत में कुल 17 लाख 78 हजार 624 रुपए पर पक्षकारों के बीच सहमति बनी। इस लोक अदालत में सबसे अधिक मध्यस्थता के माध्यम से सुलहनीय 33 मामलों का निष्पादन किया गया। जबकि बिजली के 13 मामलों का निपटारा किया गया। जिसमें पक्षकारों की आपसी सहमति से 70 हजार रुपए सरकार को प्राप्त हुए। चेक बाउंस के 4 मामलों में पक्षकारों के बीच 14 लाख 75 हजार 324 रुपए पर सहमति बनी। वहीं बैंक रिकवरी के 1 मामले का निष्पादन किया गया। इस लोक अदालत में 8 सुलहनीय मामलों का भी निपटारा किया गया।इस लोक अदालत में कुल 60 मामलों को प्रस्तुत किया गया था। समाज के सबसे निचले स्तर तक लोगों को कानूनी सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए प्रधान जिला जज ध्रुव चन्द्र मिश्रा अपना निरंतर प्रयास कर रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव डॉ रवि प्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रधान जिला जज से मिल रहे दिशा-निर्देश के अनुसार वे तीव्र गति से काम कर रहे हैं। इस लोक अदालत में न्यायिक पदाधिकारियों, संबंधित विभाग के पदाधिकारियों, हजारीबाग बार संघ के सदस्यों और सिविल कोर्ट कर्मियों का अहम योगदान रहा।

## सिविल कोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी सख्त

**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने शुक्रवार को हजारीबाग सिविल कोर्ट परिसर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को सुरक्षा मानकों के प्रति सतर्क रहने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि कोर्ट परिसर में आने-जाने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता को देखते हुए किसी भी प्रकार की सुरक्षा चूक स्वीकार नहीं की जाएगी।

# उर्वरक एवं कृषि आदान प्रतिष्ठानों का संयुक्त प्रवर्तन दल ने किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक एवं कृषि आदान की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उर्वरकों की कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से उपायुक्त साहिबगंज के निदेर्शानुसार गठित संयुक्त प्रवर्तन दल द्वारा बरहेट प्रखंड के विभिन्न उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान साह कृषि केन्द्र, राजकुमार डोकानिया एवं मोदी फर्टिलाइजर सहित तीन प्रतिष्ठानों में स्टॉक सूची, दर तालिका, उर्वरक स्टॉक पंजी बिक्री पंजी गोदाम और पीओएस मशीन में उपलब्ध अभिलेखों का गहन सत्यापन किया गया। साथ ही गोदाम में उपलब्ध उर्वरकों का भौतिक सत्यापन कर अभिलेखों से मिलान किया गया।संयुक्त प्रवर्तन दल ने सभी दुकानदारों को प्रतिदिन अद्यतन दर सूची व उपलब्ध स्टॉक की



जानकारी दुकान के बाहर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त केवल सरकार द्वारा अधिकृत थोक विक्रेताओं से उर्वरक क्रय करने तथा उर्वरकों का विक्रय केवल किसानों को ही सुनिश्चित करने को कहा गया। उर्वरकों की कालाबाजारी अथवा गैर-कृषि कार्यों में उपयोग पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।निरीक्षण के क्रम में प्रतिष्ठानों में उपलब्ध कीटनाशकों एवं अन्य कृषि रसायनों की भी जांच की गई तथा उनकी समाप्ति तिथि का सत्यापन किया गया। दुकानदारों को नाबालिग बच्चों एवं महिलाओं को किसी भी परिस्थिति में पेस्टिसाइड का विक्रय नहीं करने का सख्त निर्देश दिया गया।दल द्वारा बिक्री हेतु उपलब्ध विभिन्न प्रकार के बीजों का निरीक्षण कर गुणवत्ता परीक्षण के लिए नमूने संग्रहित किए गए। साथ ही उर्वरकों के नमूने भी जांच हेतु संकलित कर प्रयोगशाला भेजे जाने की कार्रवाई की गई। जांच प्रतिवेदन में किसी प्रकार की अनियमितता अथवा अमानक गुणवत्ता पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त प्रवर्तन दल में अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज जिला कृषि पदाधिकारी और अंचल अधिकारी बरहेट शामिल थे।

# गंगा थाना में थाना दिवस आयोजित 10 में से 4 जमीन विवाद मामलों का हुआ निष्पादन

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** गंगा थाना परिसर में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी बासुकीनाथ टुडू ने की। थाना दिवस में क्षेत्र के लंबित भूमि एवं राजस्व संबंधी मामलों की सुनवाई की गई।जानकारी के अनुसार, बीते एक सप्ताह के दौरान गंगा थाना क्षेत्र से जमीन विवाद से जुड़े कुल 10 मामले प्राप्त हुए थे। इन मामलों की समीक्षा एवं सुनवाई थाना दिवस के दौरान की गई। सुनवाई के उपरांत 4 मामलों का निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष मामलों में आवश्यक जांच और दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। जिसमें अंचल अधिकारी बासुकीनाथ टुडू ने कहा कि जमीन संबंधी विवाद अक्सर जटिल और पेचीदा होते हैं। ऐसे मामलों में अंचल कर्मचारियों द्वारा स्थल जांच, अभिलेखों के सत्यापन तथा दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद ही उचित निर्णय लिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है। कि भूमि विवादों का निष्पक्ष और त्वरित समाधान हो ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।वहीं थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में प्राप्त होने वाले जमीन विवाद संबंधी मामलों को सप्ताह भर संकलित किया जाता है। इसके बाद थाना दिवस के अवसर पर राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से मामलों की सुनवाई कर उनका निष्पादन कराया जाता है। उन्होंने लोगों से आपसी विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।थाना दिवस में अंचल एवं थाना के अधिकारी-कर्मचारी सहित संबंधित पक्षकार उपस्थित रहे। प्रशासन ने उम्मीद जताई कि इस पहल से भूमि विवादों के समाधान में तेजी आएगी और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बना रहे।

# जमीन संबंधी मामले अक्सर जटिल प्रकृति के होते हैं : थाना प्रभारी

## जिरवाबाड़ी थाना में थाना दिवस आयोजित पांच भूमि विवाद मामलों की हुई सुनवाई

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना परिसर में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें भूमि एवं राजस्व संबंधी लंबित मामलों की सुनवाई की गई। थाना दिवस के दौरान क्षेत्र से प्राप्त जमीन विवाद से जुड़े कुल पांच मामलों की समीक्षा की गई।सुनवाई के उपरांत एक मामले का निष्पादन कर दिया जबकि शेष चार मामलों में जांच एवं आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। संबंधित पक्षों की बात सुनने के बाद राजस्व और पुलिस विभाग की ओर से मामले के समाधान की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि जमीन संबंधी मामले अक्सर जटिल प्रकृति के होते हैं। ऐसे मामलों में निष्पक्ष निर्णय के लिए स्थल जांच, अभिलेखों का सत्यापन व दोनों पक्षों के दावों की गहन जांच आवश्यक होती है। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही मामलों का निष्पादन किया जाता है।

उन्होंने कहा कि थाना दिवस का उद्देश्य भूमि विवादों का त्वरित एवं शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। इसके लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं, ताकि लोगों को न्याय मिल सके और अनावश्यक विवादों से बचा जा सके।थाना दिवस में थाना एवं अंचल कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा संबंधित पक्षकार भी उपस्थित रहे। प्रशासन ने लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा विवादों के समाधान में सहयोग करने की अपील की।

# दो बाईकों के जोरदार भिड़ंत से तीन लोगों की हुई दर्दनाक मौत



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिले के बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो-तीनपहाड़ मुख्य पथ के धौगड़ा इमली गाछ के समीप दो बाईकों के जोरदार भिड़ंत से तीन लोगों की हुई दर्दनाक मौत।मिली जानकारी के अनुसार उधवा निवासी झारखंड पुलिस के जवान हृदय कुमार सरकार 40 गोड्डा से बुलेट में सवार होकर अपने घर उधवा जा रहा था।वही वृंदावन निवासी मिराज अंसारी 20 अपने दोस्त सनाउल अंसारी 25 साहिल अंसारी 19 के साथ बकरीद पर्व के मौके पर तीनों बोरियो के दनवार अपने नानी घर घूमने आ रहे थे।इसी दौरान धौगड़ा के इमली गाछ के समीप तीखे मोड़ होने के कारण दोनों बाइकों में अनियंत्रित होकर आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई।जिससे पुलिस जवान हृदय कुमार सरकार एवं मिराज अंसारी की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।वही साहिल अंसारी 19 व सनाउल अंसारी 25 दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं स्थानीय लोगों की मदद से सभी को बोरियो सीएचसी लाया गया।जहां सीएचसी में मौजूद डॉ. विवेक भारती,एवं डॉ.रोहित कुमार गोंड के द्वारा हृदय कुमार सरकार एवं मिराज अंसारी को जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया गया।वही गंभीर रूप से घायल साहिल अंसारी एवं सनाउल अंसारी को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था को देखते हुए सदर अस्पताल साहिबगंज रेफर कर दिया गया। जहां रास्ते में साहिल अंसारी की भी मौत हो गई।इधर थाना के एएसआई प्रभाशंकर दुबे के द्वारा शवों को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया साथ ही मामले की छानबीन मे जुट गई है।उधवा निवासी मृतक हृदय कुमार सरकार झारखंड पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल है,जो वर्तमान में गोड्डा न्यायालय में पदस्थापित थे,हृदय कुमार सरकार अपने घर उधवा जा रहा था।, वही बताया जा रहा है कि साहिल अंसारी की एक महीने पूर्व ही शादी हुई है।परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## शहीद जवान हृदय कुमार सरकार को पुलिस लाइन में दी गई अंतिम सलामी

**साहिबगंज :** बोरियो-तीन पहाड़ मुख्य सड़क पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले झारखंड पुलिस के जवान हृदय कुमार सरकार को शनिवार को साहिबगंज पुलिस लाइन में पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनके पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन लाए जाने के बाद पुलिस अधिकारियों और जवानों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और अंतिम सलामी देकर उन्हें नमन किया।इस दौरान पुलिस अधिकारियों, जवानों तथा स्थानीय लोगों की बड़ी संख्या मौजूद रही। पुलिस लाइन परिसर में शोक का माहौल रहा और सभी ने दिवंगत जवान की कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवा भावना को याद किया। सलामी गारद द्वारा शस्त्र झुकाकर उन्हें सम्मान दिया गया।ज्ञात हो कि हृदय कुमार सरकार गोड़ा पुलिस लाइन में पदस्थापित थे। शनिवार को ड्यूटी पूरी कर घर लौटने के दौरान बोरियो थाना क्षेत्र के धोगड़ा स्थित क्रेशर प्लांट के समीप उनकी बाइक की दूसरी बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई थी। इस हादसे में उनकी मौत हो गई थी। दुर्घटना में दो अन्य युवकों की भी जान चली गई।जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। अंतिम सलामी के बाद पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए उनके पैतृक निवास भेज दिया गया। जवान के निधन से पुलिस विभाग एवं उनके परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है।

## आप प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन अपने जीवन को बेहतर बना सकते है : प्रबंधक

**साहिबगंज :** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम से 13 दिवसीय पेपर कवर फाईल मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 जून तक जारी रहेगा।वही आज से 12 दिवसीय चलने वाला फास्ट फूड मुर्गी पालन और महिला दर्जी प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सह आरसेटी निदेशक प्रदीप कुमार झा दीपक और आईटीआई कॉलेज प्रिन्सिपल सत्या नारायण मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।प्रशिक्षुओ को संबोधित करते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सह निदेशक ने प्रशिक्षुओ को संबोधित करते हुए कहा कि आप प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन कर अपने जीवन को बेहतर बना सकते है।इस प्रशिक्षण मे जिले के सभी प्रखंडों से आए कुल 35 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।मौके पर आसेर्टी प्रशिक्षक राजहंस कुमार और उपेन्द्र गोप 'आकाश 'रंजीत उपस्थित थे।

# रथ पूरे जिले में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करेगा : उप विकास आयुक्त

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** हर साल 31 मई को 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है।इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले जानलेवा नुकसान के प्रति जागरूक करना और उन्हें इसकी लत छोड़ने के लिए प्रेरित करना है। इस संबंध में उप विकास आयुक्त के द्वारा लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि तंबाकू से होने वाले नुकसान तंबाकू का सेवन जानलेवा बीमारियों का कारण बनता है।कैंसर फेफड़ों, मुंह, गले और जीभ का कैंसर,हृदय रोग और स्ट्रोक दिल का दौरा पड़ना और रक्त संचार का प्रभावित होना।श्वसन तंत्र सांस लेने में तकलीफ और फेफड़ों का कमजोर होना और तंबाकू छोड़ने के फायदे 20 मिनट में दिल की धड़कन सामान्य हो जाती है।1-9 महीने में खांसी और सांस फूलना कम हो जाता है।1 साल में दिल की बीमारियों का



खतरा आधा रह जाता है।5-10 साल में मुंह और फेफड़ों के कैंसर का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। तंबाकू छोड़ने के लिए मदद यदि आप या आपका कोई परिचित तंबाकू सिगरेट, बीड़ी, खैनी, गुटखा की लत से छुटकारा पाना चाहता है।तो भारत सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा चलाई जा रही इन सेवाओं की मदद ले सकते हैं।विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर स्वास्थ्य विभाग के तरफ से जागरूकता रैली सुभाष चौक से चैती दुर्गा होते हुए गांधी चौक तक समापन हुआ। साथ-साथ जागरूकता रथ को उप विकास आयुक्त महोदय, सिविल सर्जन साहिबगंज जिला नोडल पदाधिकारी एनसीडी,डॉ मुकेश कुमार,डॉक्टर महमूद अलम के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया और यह रथ पूरे जिले में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करेगा। जिसमें जिले वासियों को तंबाकू सेवन नहीं करने हेतु एवं तंबाकू के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करेगा। इस रैली में एमपीडब्ल्यू सहिया, सिविल सर्जन कार्यालय, सीएचसी सदर के सभी कर्मी आदि मौजूद थे। सभी पदाधिकारी व कर्मियों को तंबाकू निषेध से संबंधित शपथ दिलाई गई।

# 'जैसे जिंदगी खत्म हो गई हो...

### ● रश्मि देसाई ने जब मां को कर दिया था ब्लॉक, बताया जीवन का सबसे बुरा दौर



टीवी शो 'तुम हो ना- घर की सुपरस्टार' के अपकमिंग एपिसोड में अभिनेत्री रश्मि देसाई भावुक नजर आईं। सामने आए प्रोमो में वह अपने जीवन के काले अध्याय के बारे में खुलकर बात करती नजर आईं। रश्मि ने बताया कि एक समय वह अपनी मां से पूरी तरह कट गई थीं और परिवार से भी पूरी तरह से दूर हो गई थीं। शो के होस्ट राजीव खंडेलवाल के साथ बातचीत में रश्मि ने बताया कि वह उनके जीवन का सबसे बुरा समय था। उन्होंने स्वीकार किया कि उस वक्त उन्हें लगा था कि उनका करियर और जिंदगी सबकुछ खत्म हो चुका है। रश्मि ने बताया कि उस दौरान उनकी मां से कोई बातचीत नहीं होती थी। उन्होंने उन्हें ब्लॉक कर दिया था और परिवार के किसी सदस्य से संपर्क नहीं था। रश्मि ने बताया, 'मुझे लगता था कि अब मेरी जिंदगी यहीं खत्म हो गई है। इस घर से बाहर निकलते ही मेरा करियर चला जाएगा, निजी जिंदगी चली जाएगी। मेरे पास पैसे भी कम थे और न ही मेरे पास कुछ ऐसा था, जिस पर भरोसा किया जा सके। ' उन्होंने नदीम भाई का विशेष रूप से आभार जताते हुए बताया कि उन्होंने उस मुश्किल समय में उनकी बहुत मदद की। रश्मि ने बताया, 'निधि, जीविता और नदीम भाई, ये तीन लोग ही थे जो मेरी पूरी हकीकत जानते थे। मैं कभी झूठ नहीं बोलती और न ही कहानियां बनाती हूं। चार साल बाद या दस साल बाद भी मुझसे पूछोगे तो जवाब वही होंगे। रश्मि ने इस अनुभव से मिले सबक पर भी बात की। उन्होंने बताया कि गलतियां जीवन का हिस्सा हैं। हम उन्हें बार-बार सोच-सोचकर बड़ा बना लेते हैं।

लेकिन, असल में दूसरों की गलतियों से ज्यादा हम अपनी गलतियों से सीखते हैं। रश्मि ने कई महिलाओं को संदेश दिया कि जीवन को फिर से शुरू करना ठीक है। अपनी गलतियों को स्वीकार करें और जो कुछ झेला है, उसे खुलकर कहें। उन्होंने बताया कि जब सब आपके खिलाफ हों, वही सबसे अच्छा समय होता है। उस वक्त वे लोग जिनकी आपकी जिंदगी में अहमियत नहीं और वैसी ही चीजें अपने आप निकल जाती हैं और सिर्फ वही रह जाते हैं, जो आपके लिए सही हैं। रश्मि ने बताया कि उनकी मां से बातचीत साल 2020 के फरवरी में उनके जन्मदिन के बाद फिर से शुरू हुई थी। रश्मि ने बताया कि बहुत सारी गलतफहमियां थीं। वह खुद को विद्रोही और बेहद महत्वाकांक्षी लड़की मानती हैं। जब वह कुछ करना चाहती थीं तो उनकी मां डर जाती थीं।

# 'ये तुम्हें बर्बाद कर देगा'



**बॉलीवुड** के इन सितारों ने दी थी हनी सिंह को सलाह; नशे से दूर रहने की दी थी चेतावनी दुनिया यो यो हनी सिंह के करियर के उस दौर से अच्छी तरह वाकिफ है, जब वह सफलता के शिखर पर होते हुए भी नशे की लत से जूझ रहे थे। साथ ही वह बाइपोलर डिसऑर्डर से भी गुजर रहे थे, जिसकी वजह से उन्हें कुछ समय के लिए इंडस्ट्री से दूर होना पड़ा। अब सिंगर-रैपर ने खुलासा किया है कि बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और अक्षय कुमार ने उन्हें उनके ड्रग्स के इस्तेमाल को लेकर पहले ही चेतावनी दी थी और कहा था कि यह उन्हें बर्बाद कर देगा।

### शाहरुख और अक्षय के बारे में की बात

एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान हनी सिंह ने बताया कि शाहरुख खान और अक्षय कुमार अक्सर उन्हें नशे से दूर रहने की सलाह देते थे। उन्होंने अपने करियर, फेम, अकेलेपन और अपने डाउनफॉल के बारे में भी खुलकर बात की। .हनी सिंह ने इस बात को खारिज किया कि उनका डाउनफॉल फेम या एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की वजह से हुआ। उनका कहना है कि इसके लिए वह खुद और उनकी सोच जिम्मेदार थी। बातचीत के दौरान उन्होंने अपने करियर के उस दौर को याद किया, जब उन्होंने इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों- शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, सलमान खान और अक्षय कुमार के साथ काम किया। उनके मुताबिक, इन सभी ने उन्हें कई बार उनके लाइफस्टाइल और बढ़ती लत को लेकर सावधान किया था। हनी सिंह ने कहा, 'मैं एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को किसी भी चीज के लिए दोष नहीं देना चाहता। मुझे बहुत कम उम्र में दिग्गज कलाकारों के साथ काम करने और उनकी जिंदगी को करीब से देखने का मौका मिला। शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, सलमान खान, अक्षय कुमार- ये सभी बहुत ही सरल लोग हैं, इनमें कोई अंधेरा नहीं है... वे मुझे देखते थे और कहते थे कि जो मैं कर रहा हूं, उससे दूर रहूं, क्योंकि वह गलत है। खासकर शाहरुख खान और अक्षय कुमार। शाहरुख खान ने मुझसे कई बार कहा, 'ये तुम्हें खराब कर देगा, खत्म कर देगा और बर्बाद कर देगा।'

### सूर्या की 'करुप्पु' का तूफान जारी



पिछले कुछ महीने साउथ सिनेमा के लिए शानदार साबित हुए हैं. जहां एक तरफ मोहनलाल की 'दृश्यम 3' है, तो दूसरी ओर सूर्या भी धमाल मचा रहे हैं. एक्टर की फिल्म को 13 दिन पूरे हो गए हैं. साथ ही सूर्या और तृषा कृष्णन का अब अगला टारगेट ही 300 करोड़ रुपये है. कैसे ओवरसीज ने ही एक्टर के लिए पूरा खेल सेट कर लिया. सूर्या की 'करुप्पु' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा देखने को मिल रहा है. फिल्म को 14 दिन पहले ही थिएटर्स में रिलीज किया गया था. वहीं, 13 दिन का कलेक्शन सामने आ गया है. सूर्या के करियर की 'करुप्पु' सबसे बड़ी फिल्म बन गई है. साथ ही तृषा कृष्णन ने भी हर किसी को काफी इम्प्रेस किया है. खैर, 13वें दिन भी फिल्म थमने का नाम नहीं ले रही है. बीते दिन के मुकाबले फिल्म की कमाई में 10.1 परसेंट कमी आई है. साथ ही बुधवार को भारत से 4.45 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. अच्छी बात है कि वीक डेज में भी चीजें संभली हुई है, जिससे वीकेंड पर कमाई बढ़ने की उम्मीद बनी हुई है. साथ ही दुनियाभर से इस पिक्चर ने 258.85 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है. अब जानिए ओवरसीज से ही सारा खेल कैसे बन गया.

### सोनाक्षी सिन्हा ने बताई अभिनय की खूबसूरती

# 'एक्टर होना हर बार नई दुनिया में कदम रखने जैसा है'



**बॉलीवुड** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की हाल ही में रिलीज हुई ओटीटी फिल्म 'सिस्टम' को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसी बीच, फिल्म के प्रमोशन के दौरान उन्होंने अभिनय और अपने किरदार को लेकर आईएएनएस से बात करते हुए कई दिलचस्प बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि एक अभिनेता का काम बाहर से देखने में जितना आसान लगता है, असल में उतना ही मुश्किल होता है। आईएएनएस से बात करते हुए सोनाक्षी सिन्हा ने कहा, ''जब कोई एक्टर किसी नए किरदार को निभाता है, तो वह उसकी पूरी दुनिया में कदम रखता है। हर फिल्म और हर रोल एक अलग जिंदगी की तरह होता है, जिसमें नियम, रिश्ते और परिस्थितियां बिल्कुल नई होती हैं। मुझे अभिनय हमेशा रोमांचक लगता है, क्योंकि हर बार कुछ नया सीखने और महसूस करने का मौका मिलता है।'' सोनाक्षी ने कहा कि किसी भी प्रोफेशन को बाहर से देखकर पूरी तरह समझना मुश्किल होता है। जैसे वकील या डॉक्टर की दुनिया को समझना आसान नहीं होता, वैसे ही फिल्म इंडस्ट्री के अंदर क्या होता है, यह सिर्फ वही लोग जानते हैं जो खुद उस प्रक्रिया का हिस्सा रहे हों। लोग अक्सर सोचते हैं कि फिल्में सिर्फ ग्लैमर और कैमरे तक सीमित होती हैं, लेकिन असल में एक फिल्म के पीछे बहुत सारे लोग, मेहनत और तैयारी होती है, जो मिलकर एक कहानी को आकार देती है।'' फिल्म 'सिस्टम' में सोनाक्षी सिन्हा एक वकील का किरदार निभा रही हैं, जिसका नाम नेहा राजवंश है। उसके पिता रवि राजवंश उन्हें खुद को साबित करने की चुनौती देते हैं और सामने एक शर्त रखते हैं, जिसमें 10 केस जीतने की बात कही जाती है।



### अश्विनी अय्यर तिवारी की 'सिस्टम' बनी प्राइम वीडियो पर हफ्ते की नंबर 1 नॉन-इंग्लिश फिल्म

प्राइम वीडियो की लेटेस्ट ओरिजिनल फिल्म 'सिस्टम' इस हफ्ते दुनियाभर में प्लेटफॉर्म की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली नॉन-इंग्लिश ओरिजिनल फिल्म बन गई है। 22 मई को रिलीज हुई इस कोर्टरूम थ्रिलर ने बेहद कम समय में शानदार सफलता हासिल करते हुए 26 देशों में 'टॉप 10' टाइटल्स की लिस्ट में अपनी जगह बना ली है। विशेषाधिकार और रसूख की दुनिया की पृष्ठभूमि पर बनी 'सिस्टम' एक प्रभावशाली कोर्टरूम थ्रिलर है, जो यह दिखाती है कि न्याय सिर्फ अदालत के फैसलों में नहीं, बल्कि सच का सामना करने में भी छिपा होता है। भारत समेत दुनिया भर के 240 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में स्ट्रीम हो रही इस फिल्म को इसकी शानदार कहानी, दमदार किरदारों और इमोशनल स्क्रीनप्ले के लिए खूब सराहा जा रहा है।

### 'कृष्णावतारम' में पौराणिक कथा नहीं

# इतिहास दिखाया गया: अभिनेत्री संस्कृति जयना




अभिनेत्री संस्कृति जयना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'कृष्णावतारम' को लेकर लगातार सुर्खियों बटोर रही हैं। पौराणिक-ऐतिहासिक फिल्म में उन्होंने 'सत्यभामा' का किरदार निभाया है। फिल्म को लेकर अभिनेत्री ने बताया कि इसकी कहानी को सत्यभामा के नजरिए से बनाया गया है। अभिनेत्री संस्कृति जयना ने बातचीत में कहा, 'फिल्म में कई ऐसी कहानियां और प्रसंग शामिल किए गए हैं, जिनके बारे में शायद आम लोगों को भगवान कृष्ण के संदर्भ में जानकारी न हो। सत्यभामा भी भगवान श्री कृष्ण के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं।' अभिनेत्री संस्कृति जयना ने छोटी दिवाली के इतिहास के बारे में बताते हुए कहा, 'आज बहुत से कम लोग जानते हैं कि भगवान श्री कृष्ण और सत्यभामा ने मिलकर अत्याचारी असुर नरकासुर का वध किया था, जिसकी खुशी में आज हम सभी लोग हर साल 'छोटी दिवाली' (नरक चतुर्दशी) मनाते हैं। ये ऐसी अनसुनी कहानियां हैं जो आज की पीढ़ी को शायद नहीं पता। इस फिल्म के माध्यम से वे अपनी समृद्ध विरासत के इन सुनहरे पन्नों से रूबरू हो सकेंगे। ' जब अभिनेत्री संस्कृति जयना से पूछा कि क्या आज का सिनेमा अपनी जड़ों और आध्यात्मिकता से दूर हो रहा है तो अभिनेत्री ने कहा, 'मैं पूरी फिल्म इंडस्ट्री पर टिप्पणी नहीं कर सकती, लेकिन हम अपनी फिल्म के जरिए लोगों को संस्कृति और गौरवशाली इतिहास से फिर से जोड़ने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। व्यक्तिगत रूप से मुझे इन कहानियों को 'पौराणिक कथाएं' कहना पसंद नहीं है, क्योंकि हमारे लिए यह इतिहास है। हमारे पास द्वारका जैसी जगहों के सबूत मौजूद हैं और हमारी विरासत से जुड़े ऐसे कई और भी पहलू हैं। संस्कृति जयना ने अपने किरदार के बारे में विस्तार से बात करते हुए बताया कि सत्यभामा की इस यात्रा के जरिए दर्शक न केवल उनके चरित्र को समझेंगे, बल्कि भगवान कृष्ण, राधा रानी और रुक्मिणी जी के बीच गहरे रिश्तों को भी एक नजरिए से देख पाएंगे। उन्होंने कहा, 'मैं सत्यभामा से बहुत ज्यादा जुड़ाव महसूस करती हूं। वह बहुत ही सरल स्वभाव की थीं और अपनी भावनाओं को जाहिर करने से कभी नहीं डरती थीं। वह बहुत साहसी थीं और हमेशा सच के साथ खड़ी रहती थीं। असल में, इसी वजह से उन्हें 'सत्यभामा' नाम मिला था। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आज की महिलाएं उनके इस सफर से बहुत मजबूती से जुड़ पाएंगी, क्योंकि वे भी अपनी हिम्मत और अपनी आवाज को ढूंढ़ने की कोशिश कर रही हैं। सत्यभामा उसी ताकत और हिम्मत की प्रतीक थीं। मैं भी उनके इसी भावनात्मक सफर से खुद को जुड़ा हुआ महसूस करती हूं। '

# वलसाड के राहुल जाखड़ ने एशियन यू-20 एथलेटिक्स में डेकाथलॉन का गोल्ड जीत रचा इतिहास, बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**वापी :** गुजरात के खेल जगत के लिए गर्व का क्षण सामने आया है। वलसाड जिले के चरवाड़ा गांव के 18 वर्षीय युवा एथलीट राहुल जाखड़ ने हांगकांग (चीन) में आयोजित 22वीं एशियन यू-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में डेकाथलॉन स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। राहुल ने न केवल भारत को स्वर्ण पदक दिलाया, बल्कि अंडर-20 वर्ग में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। 27 से 31 मई तक आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राहुल जाखड़ ने एथलेटिक्स की सबसे कठिन मानी जाने वाली डेकाथलॉन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया। डेकाथलॉन में खिलाड़ियों को दो दिनों के दौरान 10 अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग लेना होता है, जिनमें 100 मीटर, 400 मीटर, 110 मीटर हर्डल्स, 1500 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जेवलिन थ्रो और पोल वॉल्ट शामिल हैं। राहुल ने इन सभी स्पधाओं में बेहतरीन संतुलन और निरंतरता दिखाते हुए कुल 7,185 अंक हासिल किए। इस प्रदर्शन के साथ वह एशिया के सर्वश्रेष्ठ यू-20 डेकाथलीट बन गए हैं। साथ ही उन्होंने विश्व रैंकिंग में भी शीर्ष-8 खिलाड़ियों में स्थान बना लिया है।मैदान देखकर जागा था एथलीट बनने का सपना

मूल रूप से राजस्थान के सीकर जिले से संबंध रखने वाले राहुल का परिवार पिछले लगभग 30 वर्षों से वलसाड के वापी में रहकर निर्माण व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। राहुल की सफलता की कहानी किसी प्रेरणादायक फिल्मी कथा से कम नहीं है। कुछ वर्ष पहले राहुल अपने पिता के साथ शाम के समय टहलने निकले थे। एक मैदान में खिलाड़ियों को अभ्यास करते देख उनके मन में एथलीट बनने की इच्छा जागी। अगले ही दिन उन्होंने भी दौड़ का अभ्यास शुरू कर दिया। बाद में स्कूल की ओर से खेल महाकुंभ में भाग लेकर लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीता, जिसने उनके आत्मविश्वास को नई उड़ान दी।राहुल ने अपने खेल करियर की शुरूआत बनासकांठा के गढ़ स्थित जिला स्तरीय खेल विद्यालय (उछरर) में कोच विपुल चौधरी के मार्गदर्शन में की। वर्ष 2024 में उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात (रअॠ) के नडियाद स्थित हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में चयनित किया गया। यहां कोच शिवम उपाध्याय, धर्मेंद्र परमार और सतेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में राहुल ने डेकाथलॉन की जटिल तकनीकों में महारत हासिल की। आज वही युवा, जो कभी मैदान के बाहर खड़े होकर खिलाड़ियों को देखा करता था, एशिया के विजेता मंच पर खड़ा होकर देश और गुजरात का नाम रोशन कर रहा है।राहुल जाखड़ ने अपनी सफलता का श्रेय गुजरात सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं और प्रशिक्षण व्यवस्था को देते हुए कहा, ₹गुजरात सरकार ने हमें जो विश्वस्तरीय सुविधाएं और अवसर प्रदान किए हैं, उसी की बदौलत यह उपलब्धि संभव हो पाई है। अब मेरा अगला लक्ष्य कॉमनवेल्थ गेम्स और ओलंपिक में भारत का तिरंगा लहराना है, जिसके लिए मैं दिन-रात मेहनत करने को तैयार हूं।₹राहुल जाखड़ की यह उपलब्धि साबित करती है कि दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन के दम पर ग्रामीण स्तर से निकली प्रतिभाएं भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर इतिहास रच सकती हैं।



### सलमान खान संग दी हिट इसके बाद बैक टू बैक 8 फ्लॉप्स


# अब 7 साल बाद 'दुनियादारी' से कर रहे वापसी

**बॉलीवुड** इंडस्ट्री में गोविंदा को काफी समय हो चुका है और उन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं. उन्होंने स्टारडम का दौर भी देखा है और इसी के साथ उन्होंने वो दौर भी देखा है जब उनकी फिल्में सिनेमाघरों में कोई खास कमाल नहीं दिखा सकीं. अब एक्टर 7 साल बाद एक बार फिर से सिनमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं. ऐसे में आइए जानते हैं कि उनकी पिछली कुछ फिल्मों का हिट-एंड फ्लॉप्स का ट्रैक रिकॉर्ड कैसा रहा है. बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में गोविंदा का नाम बड़े सम्मान के साथ लिया जाता रहा है. उन्होंने 90ह्य के दशक में फैंस का खूब मनोरंजन किया. इसी के साथ उन्होंने अपनी डांसिंग स्टाइल से भी पीढ़ियों को इंप्रेस किया और आज भी लोग उनकी डांसिंग के मुरीद है. लेकिन गोविंदा ही वो एक्टर हैं जो स्टारडम की बुलंदियों तक पहुंचने के बाद भी फ्लॉप साबित हुए और दोबारा खुद को बॉक्स ऑफिस के मैदान पर साबित नहीं कर सके. एक समय बैक टू बैक ब्लॉकबस्टर देने वाले गोविंदा को वो दिन भी देखना पड़ा जब उनकी कोई भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं टिक सकी. बैक टू बैक उनकी 8 फिल्में ऐसी रहीं जो औंधे मुंह गिर गईं. अब वे एक बार फिर से वापसी को लेकर चर्चा में हैं. वैसे तो कहा जाता है कि गोविंदा का दौर 2000 की स्टार्टिंग के बाद से ही खत्म हो गया था और वे अपनी उस दौरान की सफल फिल्मों की वजह से ही आज भी याद किए जाते हैं. क्योंकि इसके बाद सोलो एक्टर के तौर पर उनकी अपीयरेंस भी कम नजर आई और वे लीड एक्टर के रोल के लिए अनफिट भी होते चले गए.

# हिमाचल नगर निगम चुनाव: मंडी में भाजपा ने हासिल किया बहुमत, धर्मशाला में बढ़त, पालमपुर में कांग्रेस आगे

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के चार नगर निगमों धर्मशाला, पालमपुर, मंडी और सोलन के चुनावों की मतगणना रविवार को जारी है। शुरूआती नतीजों और रुझानों के बीच सबसे बड़ी खबर मंडी से सामने आई है, जहां भाजपा ने 15 में से 8 वार्डों में जीत दर्ज कर नगर निगम में बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं धर्मशाला में भी भाजपा बढ़त बनाए हुए है, जबकि पालमपुर में कांग्रेस शुरूआती चरण में मजबूत स्थिति में नजर आ रही है। सोलन नगर निगम में भी मतगणना जारी है। मंडी नगर निगम में भाजपा ने बहुमत हासिल कर चुनावी बढ़त को निर्णायक बढ़त में बदल दिया है। नगर निगम के 15 वार्डों में से 8 वार्ड जीतकर भाजपा ने बहुमत का जादुई आंकड़ा पार कर लिया है। शुरूआती नतीजों के अनुसार वार्ड नंबर-1 खलियार से निर्दलीय प्रत्याशी अलकंदा हांडा विजयी रही हैं। वार्ड नंबर-2 पुरानी मंडी से भाजपा की सरिता हांडा ने बेहद करीबी मुकाबले में दो मतों के अंतर से जीत दर्ज की है। वार्ड नंबर-3 पड्डल से भाजपा प्रत्याशी विजयी रहे हैं, जबकि वार्ड नंबर-4 नेला से कांग्रेस की नर्वदा मोहन ने जीत हासिल की है। वार्ड नंबर-5 से भाजपा के कृष्णा ठाकुर ने भी जीत दर्ज की है। मंडी में भाजपा की इस सफलता को पार्टी के लिए बड़ी राजनीतिक उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि नगर निगम चुनाव को प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई के रूप में देखा जा रहा था।



धर्मशाला नगर निगम के 17 वार्डों में मतगणना के दौरान भाजपा को शुरूआती बढ़त मिली है। अब तक घोषित 11 वार्डों में भाजपा ने छह सीटें अपने नाम की हैं। कांग्रेस को चार जबकि एक सीट पर निर्दलीय ने जीत दर्ज की। भाजपा के वार्ड नंबर-1 से रेखा देवी, वार्ड नंबर-2 भागसूनाग से शमशेर सिंह, वार्ड नंबर-3 मैकलोडगंज से आशा देवी, वार्ड नंबर-6 से करिश्मा, वार्ड नंबर-7 से आशु और वार्ड नंबर-8 से प्रेरणा विजयी रहे हैं। कांग्रेस को वार्ड नंबर-4 से पूर्व मेयर नीनू शर्मा और वार्ड नंबर-5 से शैलजा की जीत के रूप में दो सीटें मिली हैं। धर्मशाला में भाजपा समर्थकों ने कई वार्डों में जीत के बाद जश्न मनाना शुरू कर दिया है।

पालमपुर नगर निगम में कांग्रेस ने शुरूआती बढ़त बनाई हुई है। अब तक घोषित तीन वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। वार्ड नंबर-1 लोहाना से इंद्र पाल 209 मतों के अंतर से विजयी हुए हैं। वार्ड नंबर-2 से राधा सूद और वार्ड नंबर-3 से रणजीत कौर ने कांग्रेस के लिए जीत दर्ज की है। इससे पालमपुर में कांग्रेस का मनोबल बढ़ा है और पार्टी शुरूआती चरण में बढ़त बनाए हुए है। उधर, सोलन नगर निगम के वार्डों की मतगणना भी जारी है। हालांकि वहां से अभी विस्तृत नतीजे सामने नहीं आए हैं। चारों नगर निगमों में 17 मई को मतदान हुआ था। इन चुनावों को प्रदेश की सियासत में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकी थी। वरिष्ठ नेताओं ने भी चुनावी सभाओं और जनसंपर्क अभियानों के जरिए मतदाताओं को साधने की कोशिश की थी।

# उड़ीसा के छह लूटेरे नवादा में गिरफ्तार, कई कांडों का खुलासा

एजेंसी

**नवादा :** बिहार के नवादा जिले के हिसुआ-नवादा रोड के बलियारी गांव के समीप स्थित जगदेव पेट्रॉल पंप परिसर में खड़ी मोटरसाइकिल की डिक्की से तीन लाख दस हजार रुपए उड़ाने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 6 अभियुक्तों को पुलिस ने रविवार को दबोच लिया। छह अभियुक्त पकड़े गये हैं। सभी उड़िसा के रहने वाले हैं.। वे लोग गिरोह बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दे रहे थे। पकड़े जाने वालों में उड़ीसा के कोइनपुर थाना क्षेत्र के अजय दास, राजेश दास, थामनगर थाना क्षेत्र के देवेंद्र दास, सुरडा थाना क्षेत्र के टी बाला, और टी मारकंडे गोंदारी पोकोटी थाना क्षेत्र के अशोक कुमार दास पकड़े गये हैं। पांच की उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच और टी मारकंडे की उम्र 55 वर्ष है। बिहार के जहानाबाद जिले के कुर्था थाना में भी इनकी संलिप्तता उजागर हुई है। पुलिस के पूछताछ के दौरान सभी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। उनके पास से तीरपन हजार रुपए नगद, दो मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल, दो पायल, दो मोटरसाइकिल का नंबर प्लेट, एटीएम कार्ड, मास्टर चाभी, ड्राइविंग लाइसेंस, पावर पैक और कई आधार कार्ड बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि वे खानाबदोश की तरह रहकर घटना को अंजाम दे रहे थे। गया, नवादा, जहानाबाद, पटना, नालंदा आदि जगहों पर जाने की बात कही है। पहाड़ के किनारे, सुनसान जगहों पर या जहां सुरक्षित छिपकर रहने की जगह हो वैसे जगहों पर रहकर घटना को अंजाम दे रहे थे। छिपे हालत में ही पुलिस ने उन्हें नवादा जिले के तुंगी से दबोचा। एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि रुपए उड़ाने की घटना के बाद सदर एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया था। ह्यूमन और टेक्निकल इंटेलिजेन्स के माध्यम से सूचना एकत्र की जा रही थी। इसी क्रम में छापेमारी की गयी और अभियुक्तों को दबोचा गया। बता दें कि नवादा जिले के हिसुआ थाने के एकनार गांव निवासी पैक्स अध्यक्ष जयराम उर्फ सुबीन सिंह का भाई मृत्युंजय सिंह बैंक ऑफ इंडिया की हिसुआ शाखा से पैसे की निकासी कर डिक्की में रखकर घर जा रहे थे। पेट्रॉल पंप परिसर में पंप कार्यालय के समीप मोटरसाइकिल को खड़ी किये थे और कार्यालय के भीतर गये।




# बांग्लादेश के फरीदपुर जिले में खसरे से मई में 18 की मौत

एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश के फरीदपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में खसरे से पीड़ित एक और बच्चे की मौत हो गई है। इस बच्चे की मौत के साथ फरीदपुर जिले में मई माह में ऐसी मौतों की संख्या बढ़कर 18 हो गई। मृतक तासिम झेनैदाह शहर के आसिम मिया का बेटा था। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, अस्पताल सूत्रों ने बताया कि तासिम को 29 मई को फरीदपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पिछले 24 घंटों के दौरान इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फरीदपुर सिविल सर्जन कार्यालय के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले 24 घंटों में जिले भर के सरकारी अस्पतालों में खसरे के लक्षणों वाले 91 नए मरीज भर्ती हुए। इसी अवधि के दौरान 45 मरीज ठीक होकर घर लौट गए।



वर्तमान में जिले के विभिन्न अस्पतालों में 183 मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनमें फरीदपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती 118 बच्चे भी शामिल हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि संक्रमित मरीजों में अधिकतर बच्चे हैं। फरीदपुर के सिविल सर्जन डॉ. महमूदुल हसन ने कहा कि सरकारी निर्देशों के अनुसार जरूरी दवाएं, उपकरण और कर्मचारियों की व्यवस्था कर ली गई है। उन्होंने कहा कि खसरे के मामलों में बढ़ोतरी इसलिए हो सकती है क्योंकि बकरीद की छुट्टियों के दौरान अलग-अलग इलाकों से बच्चे अपने गांवों में वापस आए थे। फरीदपुर शिशु अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ. निरंजन भौमिक ने कहा कि खसरा तेजी से फैलने वाली बीमारी है। उन्होंने कहा, अगर किसी संक्रमित बच्चे को बुखार, शरीर पर लाल चकत्ते, खांसी या सांस लेने में दिक्कत होती है, तो तुरंत चिकित्सीय सलाह लेनी चाहिए।

# नशे से दूर रहेंगे, समाज को भी करेंगे जागरूक : सुशांत कुमार

एजेंसी

**किशनगंज :** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को किशनगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) के तत्वावधान में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार किशनगंज, सुशांत कुमार ने की। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारियों, न्यायालय कर्मियों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारियों ने तम्बाकू, सिगरेट, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे और समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे।




इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशांत कुमार ने कहा कि तम्बाकू और अन्य नशीले पदार्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक हैं। इनके सेवन से न केवल व्यक्ति गंभीर बीमारियों का शिकार होता है, बल्कि उसका परिवार भी आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है, जब समाज के सभी वर्ग इसके खिलाफ जागरूक होकर आगे आएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि तम्बाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए युवाओं को विशेष रूप से इसके प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अपने आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ओम शंकर सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी तथा डीएलएसए के कर्मी मौजूद रहे। सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण के अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तम्बाकू एवं नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का समापन नशामुक्ति के संदेश के साथ किया गया।

# अभिषेक बनर्जी के साथ जो हुआ वह नहीं होना चाहिए था : दिलीप घोष



एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में वरिष्ठ भाजपा नेता और राज्य के मंत्री दिलीप घोष ने तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी पर हमले की निंदा की है। रविवार सुबह संवाददाताओं से बातचीत करते हुए दिलीप घोष ने कहा, ₹अभिषेक बनर्जी के साथ जो हुआ वह नहीं होना चाहिए था। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। हालांकि, आक्रोश जताने वाले वही पीड़ित हैं जिन्होंने ने पिछले 15 वर्षों से बहुत कुछ झेला है। हर व्यक्ति को परेशान किया गया है। दिलीप घोष ने कहा कि लोगों के भीतर का यह गुस्सा कहीं न कहीं बाहर जरूर निकलेगा। उन्हें (अभिषेक बनर्जी) चुनाव परिणाम देखने के बाद स्थिति को समझना चाहिए था। आप वहां नायक के रूप में सम्मानित होने के लिए क्यों गए थे? दिलीप घोष ने कहा कि 22 कारों के काफिले के साथ घूमने वाला व्यक्ति इस तरह से हीरो बनने की कोशिश करेगा तो क्या होगा? पीड़ित लोग अवसर की फिराक में हैं। आप लोगों को ये अवसर क्यों दे रहे हैं?

# मप्र में नौतपा में बदला मौसम का मिजाज, आज 47 जिलों में बारिश का अलर्ट

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में इस बार नौतपा के दौरान भीषण गर्मी और लू की बजाय आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का असर देखने को मिल रहा है। शनिवार रात राजधानी भोपाल में तेज हवाओं ने मौसम का रुख बदल दिया, जबकि रविवार सुबह कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। तेज आंधी के कारण शहर के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही।

शनिवार रात करीब 12:30 बजे से सुबह 3 बजे तक भोपाल में तेज हवाएं चलती रहीं। कई क्षेत्रों में बिजली गुल होने की शिकायतें सामने आईं। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले घंटों में भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश और तेज हवाओं की गतिविधियां जारी रह सकती हैं। मौसम विभाग ने रविवार को देवास, सीहोर, राजगढ़, आगर-मालवा, छतरपुर, कटनी, उमरिया और शहडोल जिलों में भारी बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा प्रदेश के अधिकांश जिलों में गरज-चमक, तेज हवाओं और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। हवा की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। दो दिन से सक्रिय है बारिश का सिस्टम



पिछले दो दिनों से प्रदेश के बड़े हिस्से में मौसम सक्रिय बना हुआ है। शुक्रवार शाम से शनिवार रात तक कई जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। टीकमगढ़ में सबसे अधिक करीब सवा इंच वर्षा हुई, जबकि दतिया और नौगांव में भी तेज बारिश हुई। ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, रीवा, सागर, सतना, दमोह, खजुराहो, मंदसौर, देवास, झाबुआ, बैतूल, बालाघाट, मुरैना और श्योपुर समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा। श्योपुर में ओलावृष्टि भी दर्ज की गई।

**कई शहरों में तेजी से गिरा तापमान**

बारिश और बादलों के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है। नौगांव, जो कुछ दिन पहले प्रदेश के सबसे गर्म शहरों में शामिल था, वहां तापमान तीन दिनों में करीब 12 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया। 27 मई को नौगांव का अधिकतम तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस था, जो शनिवार को घटकर 35.5 डिग्री सेल्सियस रह गया। शनिवार को ग्वालियर का अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री, जबलपुर 38.2 डिग्री, इंदौर 38.8 डिग्री, उज्जैन 39 डिग्री और भोपाल 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं नरसिंहपुर प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**इन जिलों में रहेगा मौसम का असर**

ओलावृष्टि की संभावना वाले जिलों में देवास, सीहोर, राजगढ़, आगर-मालवा, छतरपुर, कटनी, उमरिया और शहडोल शामिल हैं। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, उज्जैन, रायसेन, विदिशा, धार, झाबुआ, मंदसौर, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, मुरैना, भिंड, जबलपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, सागर, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़ और निवाड़ी समेत कई जिलों में तेज आंधी और बारिश का दौर बना रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 31 मई से 3 जून तक प्रदेश में आंधी और बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। राहत की बात यह है कि फिलहाल किसी भी जिले में हीटवेव यानी लू का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। मई महीने में पहली बार प्रदेशभर में भीषण

## न्यूज IN ब्रीफ

### मणिपुर में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई, आरपीएफ/पीएलए का कैडर गिरफ्तार

**इम्फाल :** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन रिवॉल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (आरपीएफ)/ पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) से जुड़े एक सक्रिय उगाहीकर्ता कैडर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि की। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अहैबाम मंगलसाना सिंह (27) के रूप में हुई है, जो इम्फाल पश्चिम जिले के वांगोई लाइफ्राकपाम मानिंग लेइकाई का निवासी बताया गया है। सुरक्षा बलों ने उसे इम्फाल पूर्व जिले के पोरोम्पट थाना क्षेत्र के न्यू चेकोन इलाके से पकड़ा। पुलिस के अनुसार, आरोपी क्षेत्र में उगाही गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल था और लंबे समय से निगरानी में था। इसी दौरान एक अन्य अभियान में मणिपुर पुलिस ने थौबल जिले के टेकचाम मयाई लेइकाई निवासी साइरोम अल्विसन (26) को इम्फाल पूर्व जिले के खोंगमान मंगजिन इलाके से हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से विभिन्न ब्रांडों की 500 मिलीलीटर क्षमता वाली कुल 551 बीयर कैन और एक मारुति सुजुकी ऑल्टो के-10 कार बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि जब्त सामान के स्रोत और गंतव्य की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दोनों मामलों में आगे की जांच जारी है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान : साइकिल रैली निकाल जल संरक्षण का दिया संदेश

**बीकानेर :** 'वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान' के तहत जिला खेल अधिकारी कार्यालय द्वारा रविवार को जल संरक्षण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली आयोजित की गई। रैली सादुल स्पोर्ट्स स्कूल से शुरू होकर डॉ करणी सिंह स्टेडियम पहुंची। इसमें विद्यार्थियों एवं नागरिकों को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया तथा सभी को 'जल बचाओ, भविष्य बचाओ' का संकल्प दिलाते हुए शपथ दिलाई गई। जनभागीदारी से जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का संदेश दिया गया। साइकिल रैली को जिला खेल अधिकारी सुरेंद्र कुमार हर्ष और साइक्लिंग कोच राधाकिशन छँगाणी ने हरी झंडी दिखाई। साईकिल रैली में कोच श्रवण भाम्भू, सुरेंद्र कूकना, जेठाराम, दयालाराम, बस्तीराम विश्नोई और निशा लिम्बा आदि मौजूद रहे।

### अनूपपुर: रक्सा-कोलमी विद्युत परियोजना पर कंपनी का पक्ष, कहा- सभी कार्य नियमों के तहत, अफवाहों से बचें

**अनूपपुर :** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के रक्सा और कोलमी क्षेत्र में प्रस्तावित विद्युत उत्पादन परियोजना को लेकर उठ रहे सवालों के बीच न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और टोरेंट पावर ने अपना पक्ष सामने रखा है। कंपनी का कहना है कि परियोजना से जुड़े सभी कार्य शासन-प्रशासन और संबंधित विभागों से प्राप्त अनुमतियों के अनुरूप किए जा रहे हैं तथा कुछ बाहरी तत्व भ्रामक जानकारी फैलाकर लोगों में भ्रम पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में बताया कि परियोजना से संबंधित सभी गतिविधियां वैधानिक प्रक्रियाओं और निर्धारित नियमों के तहत संचालित की जा रही हैं। उनका कहना है कि विकास और रोजगार से जुड़े प्रयासों को गलत संदर्भों में प्रस्तुत कर वास्तविक स्थिति को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है, जबकि उपलब्ध दस्तावेज और स्वीकृतियां परियोजना की वैधता को स्पष्ट रूप से प्रमाणित करती हैं। भूमि संबंधी आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कंपनी ने कहा कि जिन खसरा नंबर 491, 493, 258, 264 और 279 का उल्लेख विभिन्न शिकायतों में किया जा रहा है, उन भूखंडों पर कंपनी की ओर से कोई निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है। कंपनी के अनुसार ये भूमि उसके फेंसिंग क्षेत्र से बाहर हैं और वहां न तो किसी प्रकार की वृक्ष कटाई कराई गई है और न ही निर्माण गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। गोहडरू नाला से जुड़े आरोपों को भी कंपनी ने निराधार बताया है। प्रतिनिधि के अनुसार सोन नदी की सहायक धारा गोहडरू नाला पर जलापूर्ति और एनीकट निर्माण से जुड़े कार्य सक्षम अधिकारियों से आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त करने के बाद ही किए जा रहे हैं। कंपनी का दावा है कि पर्यावरणीय और तकनीकी मानकों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है। वृक्ष कटाई के मुद्दे पर कंपनी ने स्पष्ट किया कि कुछ क्षेत्रों में नीलगिरी, बांस और छूला प्रजाति के पेड़ों की कटाई स्थानीय किसानों द्वारा ग्राम पंचायत की अनुमति से कराई गई थी, जिसमें कंपनी की कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं थी। वहीं परियोजना से संबंधित आवश्यक वृक्ष कटाई केवल संबंधित विभागों से अनुमति मिलने के बाद ही की गई है।कंपनी प्रबंधन का कहना है कि परियोजना प्रभावित क्षेत्र के अनेक ग्रामीण विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं और परियोजना को सकारात्मक दृष्टि से देख रहे हैं। रोजगार के अवसरों, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और क्षेत्रीय विकास की संभावनाओं के कारण स्थानीय स्तर पर सहयोग मिल रहा है। कंपनी के अनुसार ग्रामीणों के साथ लगातार संवाद बनाए रखा जा रहा है और उनके सुझावों को भी महत्व दिया जा रहा है। प्रतिनिधि ने यह भी कहा कि कुछ ऐसे लोग परियोजना का विरोध कर रहे हैं जिनका क्षेत्र से प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। कंपनी का आरोप है कि ऐसे लोग अधूरी और एकपक्षीय जानकारियों के आधार पर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे वास्तविक हितधारकों की आवाज प्रभावित हो रही है। कंपनी ने कहा कि किसी भी विकास परियोजना को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है, लेकिन उनका समाधान तथ्यों, दस्तावेजों और कानूनी प्रक्रियाओं के आधार पर होना चाहिए।

### आंधी-तूफान में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सौंपा मुआवजा

**कोलकाता :** गत 29 मई को आए प्राकृतिक आपदा एवं कालबैसाखी तूफान के दौरान जान गंवाने वाले भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के निवासी प्रवीन कुमार ठाकुर के परिवार को पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को मृतक के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से मुआवजे का चेक सौंपा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है। उल्लेखनीय है कि 29 मई को राज्य के विभिन्न हिस्सों में आए तेज आंधी-तूफान और खराब मौसम के कारण कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ था। इसी प्राकृतिक आपदा के दौरान भवानीपुर निवासी प्रवीन कुमार ठाकुर की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो गई थी। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिवार को सांत्वना देते हुए आश्वासन दिया कि राज्य सरकार प्रभावित परिवारों की हरसंभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं में प्रभावित लोगों के पुनर्वास और सहायता के लिए सरकार आवश्यक कदम उठा रही है। मुआवजे का चेक प्राप्त करने के बाद परिवार के सदस्यों ने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

न्यूज IN ब्रीफ

## थिएटर आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला 2026 का भव्य समापन

**जमशेदपुर :** ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल (झारखंड यूनिट) एवं निशान, जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सप्ताहव्यापी ह्लथिएटर आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला 2026 का भव्य समापन समारोह सेंटर फॉर एक्सीलेंस जमशेदपुर में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री शाहनवाज आलम, उपाध्यक्ष, टाटा वर्कर्स यूनियन उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में श्री मोहम्मद निजाम, राष्ट्रीय अध्यक्ष झ्र ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल, श्री जयप्रकाश शुक्ला, अध्यक्ष झ्र निशान, जमशेदपुर तथा श्री देव महतो, अध्यक्ष झ्र साईं गुरुकुल ट्रस्ट, आदित्यपुर शामिल हुए। अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ की महिला अध्यक्ष श्रीमती नीतू कुमारी जी को भी सम्मानित भी किया गया।

## पेसा नियमावली के प्रचार-प्रसार को लेकर राउंड टेबुल कांफ्रेंस 5 को

जमशेदपुर : पंचायत उपबंध (पेसा नियमावली) के प्रचार-प्रसार को लेकर राउंड टेबुल कांफ्रेंस 5 को होगा। उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित इस कांफ्रेंस का आयोजन समाहरणालय सभागार में 10.30 बजे से होगा। यह जानकारी जिला पंचायती राज पदाधिकारी शंकराचार्य सामद ने दी है। इस कांफ्रेंस में जिले के बुद्धिजीवी, एनजीओ प्रतिनिधि, आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के प्रतिनिधि, जिला परिषद के डीपीएम, सभी बीडीओ आदि शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि पांचवीं सूची के जिलों में पेसा नियमावली को प्रभावी ढंग से लागू कराने की जवाबदेही जिला प्रशासन की है। इसके लिए राज्य स्तर से कार्यक्रम निर्धारित किये जा रहे हैं।

## रेलवे में सहायक परिचालन प्रबंधक पद पर प्रमोशन की हो रही परीक्षा

**जमशेदपुर :** रेलवे में परिचालन समेत विभिन्न विभाग के वरिष्ठ कर्मचारी सहायक ट्रेन परिचालन प्रबंधक बनेंगे। सहायक परिचालन प्रबंधक पद पर प्रमोशन के लिए विभागीय परीक्षा जमशेदपुर के मानगो समेत जोन स्तर पर विभिन्न शहरों के परीक्षा केंद्र में रविवार को आयोजित हो रहा है। जानकारी बताते हैं कि, एओएम के करीब आधा दर्जन रिक्तियों को भरने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे ने परीक्षा की घोषणा की थी। इससे करीब 700 रेल कर्मचारियों ने एओएम बनने के लिए फॉर्म भरा था। 27 मई को आधे लोगों की परीक्षा हो चुकी है। शेष लोगों की परीक्षा रविवार को हो रही है।

## फिजिकल टीचर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**पांकी (पलामू) :** पांकी थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाले एक फिजिकल टीचर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

मृतक की पहचान सत्यप्रकाश श्रीवास्तव के रूप में हुई है। वह सिलदिलिया स्कूल में फिजिकल टीचर के पद पर कार्यरत थे तथा मूल रूप से जौनपुर, उत्तर प्रदेश के निवासी थे। बताया जाता है कि वह पांकी थाना रोड स्थित एक किराए के मकान में रहते थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।


मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। परिजनों के पांकी पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है। आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी। फिलहाल इस दुखद घटना से विद्यालय परिवार और स्थानीय लोगों में शोक का माहौल है।

## गोदामी पोखरा अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर पंचायत ने जारी की आम सूचना

**हुसैनाबाद :** नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा गोदामी पोखरा क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को लेकर आम सूचना जारी की गई है। कार्यपालक पदाधिकारी शशि शेखर सुमन द्वारा जारी सूचना में गोदामी पोखरा परिसर में अवैध रूप से आवास एवं दुकान संचालित करने वालों को तीन दिनों के भीतर स्थल खाली करने का निर्देश दिया गया है। जारी सूचना के अनुसार गोदामी पोखरा सरकारी भूमि है, जिस पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से आवास और दुकानों का निर्माण कर उपयोग किया जा रहा है। नगर पंचायत प्रशासन ने ऐसे सभी अतिक्रमणकारियों को तीन दिनों के अंदर परिसर खाली करने को कहा है। नगर पंचायत ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त भूमि पर दावा करने संबंधी कोई वैध सरकारी दस्तावेज उपलब्ध है, तो वह तीन दिनों के भीतर नगर पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि के भीतर न तो परिसर खाली किया गया और न ही संबंधित कागजात प्रस्तुत किए गए, तो अतिक्रमित भवनों एवं दुकानों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## वायरल वीडियो के बाद राजस्व कर्मचारी निलंबित



**गढ़वा :** गढ़वा जिले के रमना अंचल में पदस्थापित एक राजस्व कर्मचारी पर रिश्वत लेने के आरोपों की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर कथित रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल होने के बाद मामले का संज्ञान लेते हुए गढ़वा के उपायुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने संबंधित कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के मामलों में जिला प्रशासन की ह्यजीरो टॉलरेंसह्ण नीति है। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी कर्मी द्वारा अनियमितता या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई को आम जनता के बीच सकारात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

## रेलवे कर्मचारी संघ ने की कॉलोनी की जर्जर स्थिति में सुधार की मांग

**जमशेदपुर :** दक्षिण पूर्व जोन ओबीसी रेलवे कर्मचारी संघ के महासचिव कृष्ण मोहन प्रसाद ने टाटानगर समेत चक्रधरपुर मंडल के सभी रेलवे कॉलोनी की स्थिति सुधारने और जर्जर क्वार्टर की तत्काल मरम्मत करने की मांग एक बार फिर से उठाया है। कर्मचारी संघ नेता के अनुसार रेलवे कॉलोनी के वर्षों पुराने क्वार्टर अब रहने योग्य नहीं है। क्योंकि किसी क्वार्टर की छत से प्लास्टर गिर रहा है तो किसी के दीवार ढहने का दर कर्मचारियों को सताता है। इधर रेलवे ओबीसी कर्मचारी संघ के टाटानगर ब्रांच सचिव मुद्रिका प्रसाद ने बताया कि दक्षिण पूर्व जोन के रेल महाप्रबंधक को भी क्वार्टर की बदहाली के मुद्दे पर पत्र दिया गया है।

कहानी सफलता की

# आधुनिक तकनीक आधारित मत्स्य पालन से संजय गागराई ने लिखी सफलता की नई कहानी

बिनय मिश्रा

**पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाटगम्हरिया प्रखंड अंतर्गत कुसमुण्डा गांव निवासी श्री संजय गागराई ने आधुनिक तकनीक आधारित मत्स्य पालन को अपनाकर ग्रामीण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के सहयोग एवं जिला मत्स्य कार्यालय के तकनीकी मार्गदर्शन से उन्होंने बायोफ्लॉक तकनीक के माध्यम से उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। पूर्व में श्री गागराई एक साधारण ग्रामीण परिवार से आते हैं। मत्स्य विभाग से जुड़ने से पहले उनका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था तथा मजदूरी, छोटी खेती और बागवानी जैसे कार्यों पर निर्भर था। सीमित आय के कारण परिवार के भरण-पोषण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बेहतर आजीविका और स्थायी आय के उद्देश्य से उन्होंने मत्स्य पालन को अपनाने का निर्णय लिया।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत उन्हें आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई। योजना के अंतर्गत 7 टैंक आधारित



बायोफ्लॉक इकाई स्थापित करने की स्वीकृति दी गई। जिसकी कुल ₹7.50 लाख की परियोजना लागत में लगभग ₹6.37 लाख की अनुदान राशि प्रदान की गई, जिससे उन्होंने आधुनिक मत्स्य इकाई की स्थापना की। प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग का लाभ लेते हुए श्री गागराई ने पंगास एवं तिलापिया प्रजाति की मछलियों का उत्पादन प्रारंभ किया। वर्तमान में वे प्रतिवर्ष लगभग 5 से 6 टन मछली उत्पादन कर रहे हैं, जिससे उन्हें प्रतिवर्ष लगभग ₹2 लाख से अधिक की शुद्ध आय प्राप्त हो रही है। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। बायोफ्लॉक तकनीक कम पानी और सीमित स्थान में अधिक उत्पादन देने वाली आधुनिक तकनीक है। इसमें कम लागत में बेहतर उत्पादन संभव होता है तथा लाभ की संभावना अधिक रहती है। श्री गागराई द्वारा उत्पादित मछलियों की बिक्री स्थानीय बाजारों में की जा रही है। इस संदर्भ में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मनीष कुमार ने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का विस्तार करना तथा लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। संजय गागराई की सफलता यह दशार्ती है कि योजनाओं का सही उपयोग कर ग्रामीण युवा अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं तथा दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं, तकनीकी प्रशिक्षण और परिश्रम के समन्वय से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को नई दिशा दी जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी श्री नवीन कुमार ने कहा कि मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से लाभुकों को तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता एवं निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। आधुनिक तकनीकों को अपनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार सृजन के नए अवसर विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। लाभुक श्री संजय गागराई ने कहा, ₹मत्स्य विभाग एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से प्राप्त सहयोग ने मेरे जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। पहले परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, लेकिन आज मैं आत्मनिर्भर हूं और नियमित आय अर्जित कर रहा हूं। मैं अन्य युवाओं से भी अपील करता हूं कि वे आधुनिक तकनीक आधारित मत्स्य पालन अपनाकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ें।

# श्री गुरु अर्जुन देव जी की स्मृति में मीठे शरबत की शब्बील लगाई गई



संवाददाता

**जमशेदपुर :** सिखों के पांचवे गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज की शहादत को समर्पित सिद्धगोरा मेंन रोड पर सूर्य मंदिर के नजदीक मनजीत सिंह एवं आजाद सिंह कश्यप परिवार द्वारा मीठे शरबत की शब्बील लगाई गई एवं काला चना का प्रसाद बाटा गया। इस मौके पर विशेष रूप से सी जी पीसी के चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह, संरक्षक गुरदेव सिंह राजा, अभय सिंह, चंद्रगुप्त सिंह, सतनाम सिंह, गुरमीत सिंह,नरेंद्र सिंह नीदी, कमलजीत सिंह, गगनदीप सिंह, प्रीति कौर, तेजिंदर कौर, चरण कौर, ज्योति कौर आदि कई अन्य लोग शामिल थे ' इस मौके पर चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह ने गुरु अर्जुन देव जी को नमन करते हुए जमशेदपुर की सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सभी नौजवान सभाएं जमशेदपुर की विभिन्न संस्थाओं एवं समूह संगत से अनुरोध किया है कि भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए रोजाना अपने अपने क्षेत्र मे कहीं ना कहीं मीठे शरबत की शब्बील लगाकर लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य करें।

# लेबर कोड कोड का प्रभावी अनुपालन जरूरी : सीएमडी

**धनबाद :** चार नए श्रम संहिताओं के तहत औद्योगिक संबंध संहिता विषय पर शनिवार को बीसीसीएल में कार्यशाला हुई। मालूम हो पांच जून को कोल इंडिया में लेबर कोड पर बैठक है। कोल इंडिया के दिशा-निदेर्शों पर आयोजित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार की ओर से लागू किए गए चार नए श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच जागरूकता को बढ़ावा देना तथा अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी देना था। कार्यशाला में बीसीसीएल सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान औद्योगिक परिवेश में श्रम सुधारों की जानकारी और उनका प्रभावी अनुपालन बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नई श्रम संहिताएं श्रमिक हितों की सुरक्षा, औद्योगिक संतुलन, पारदर्शिता तथा संगठनात्मक दक्षता को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। बीसीसीएल सदैव श्रमिक कल्याण, सुरक्षित कार्य वातावरण तथा सकारात्मक औद्योगिक संबंधों के प्रति प्रतिबद्ध रहा है और भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगा। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे नए श्रम कानूनों की सभी प्रावधानों की समुचित जानकारी के साथ कार्यस्थल पर इनके प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्य वक्ता झारखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप कुमार मेहता ने सहभागिता की। उन्होंने नए श्रम संहिताओं, विशेषकर ह्यइंडस्ट्रियल रिलेशन कोडह्ण के विभिन्न प्रावधानों, विधिक पहलुओं तथा अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से लागू की गई नई श्रम संहिताएं श्रम सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम हैं, जिनका उद्देश्य श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के साथ-साथ औद्योगिक विकास एवं व्यावसायिक सुगमता के बीच संतुलन स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि बदलते औद्योगिक परिवेश में श्रम कानूनों का सरलीकरण, पारदर्शिता तथा डिजिटल अनुपालन व्यवस्था उद्योगों के लिए अधिक प्रभावी एवं उत्तरदायी कार्यसंस्कृति विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम में निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक (तकनीकी-संचालन) संजय कुमार सिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) कुमार मनोज, महाप्रबंधक (खनन/एचआरडी) सुधाकर प्रसाद, विभागाध्यक्ष (विधि) डॉ. कुमार शरत सिन्हा, विभागाध्यक्ष (औद्योगिक संबंध/सीएसआर) सुरेन्द्र भूषण, विभागाध्यक्ष (प्रशासन) मनीष मिश्रा सहित मुख्यालय के अन्य महाप्रबंधकगण, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक (मानव संसाधन) तथा बीसीसीएल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूर्वी सिंहभूम सहित राज्य के सभी डीडीसी का मसूरी में प्रशिक्षण 15 से

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले के डीडीसी सहित राज्य के सभी 24 जिलों के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सह जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण उत्तराखंड स्थित मसूरी के लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी में आयोजित किया गया है। यह आयोजन बीएन युगांधर सेंटर फॉर रूरल स्टडीज की ओर से आयोजित किया गया है जिसका विषय पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण विकास में शासन के महत्वपूर्ण मुद्दे होगा। इसको लेकर सभी डीडीसी से प्रस्ताव मांगा गया है। अगर कोई डीडीसी अपने बजाय किसी और प्रतिनिधि को भेजना चाहते हैं, तो उनका नाम उन्हें अनुशंसा के साथ भेजने के लिए कहा गया है। पंचायती राज विभाग की ओर से इस आशय का पत्र डीडीसी को भेजा गया है।

## एक चापाकल के सहारे पूरी बस्ती

# पेयजल संकट से जूझ रहे टोंगरी पहाड़ी के ग्रामीण

संवाददाता

**चतरा :** जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत चन्द्रीगोविंदपुर पंचायत के टोंगरी पहाड़ी के समीप स्थित बस्ती के ग्रामीण इन दिनों गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। बस्ती में लगभग 20 से 30 घर हैं, जहां अधिकांश परिवार भारती समाज से हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पूरे गांव के लिए केवल एक चापाकल ही उपलब्ध है और वह भी इन दिनों रुक-रुक कर पानी दे रहा है। ग्रामीणों के अनुसार गर्मी बढ़ने के साथ ही पानी की समस्या और गंभीर हो गई है। सुबह से लेकर शाम तक लोगों को चापाकल के पास कतार लगानी पड़ती है। कई बार चापाकल से पर्याप्त पानी नहीं निकलने के कारण लोगों को पीने और घरेलू उपयोग के लिए पानी जुटाने में काफी परेशानी होती है। ग्रामीण संतरा देवी, जितेंद्र भारती और मीना देवी सहित अन्य लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार पंचायत के मुखिया को जानकारी दी गई है। बावजूद इसके अब तक न तो नए चापाकल की व्यवस्था की गई है और न ही खराब हो रहे चापाकल की समुचित मरम्मत कराई गई है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।ग्रामीणों का कहना है कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा के अभाव में सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। कई बार दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी



लाना पड़ता है, जिससे समय और श्रम दोनों की बबार्दी होती है।गांव के लोगों ने जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग से अविलंब पहल करते हुए बस्ती में अतिरिक्त चापाकल लगाने अथवा अन्य स्थायी पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## नशामुक्त जागरूकता यात्रा सफल

**जमशेदपुर :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कदमा सेवा केंद्र ने लिंक रोड और कदमा बाजार में भव्य जन-जागरूकता यात्रा आयोजित की। मुरली क्लास के बाद शुरू हुई यात्रा में बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी परिवार के माहिलाएँ और पुरुष भागीदार रहे, जिन्होंने नशा-विरोधी संदेशों वाले बैनर और तख्तियाँ लेकर तंबाकू, शराब व अन्य नशों के नुकसान पर जनता को सचेत किया। समाजसेवी शशि आचार्य और कदमा थाना प्रभारी दिलीप कुमार यादव ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। बी.के. संजू दीदी ने नशे के शारीरिक, मानसिक और पारिवारिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए राजयोग व सकारात्मक चिंतन से मुक्ति के उपाय बताए। कार्यक्रम नशामुक्त समाज बनाने के संकल्प के साथ समाप्त हुआ और उपस्थित लोगों ने स्वयं व अन्य लोगों को नशे से दूर रखने का प्रतिज्ञान किया।

## कल आएंगे राज्यपाल, दो घंटे रहेंगे

**जमशेदपुर :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सोमवार को टाटा मणिपाल मेडिकल कॉलेज के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए जमशेदपुर पहुंच रहे हैं। वे 11.30 बजे सड़क मार्ग से बारीडीह स्थित मेडिकल कॉलेज परिसर पहुंचेंगे और दो घंटे तक कार्यक्रम में रुककर 1.30 बजे सड़क मार्ग से ही वापस लौट जाएंगे। मेडिकल कॉलेज के अलावा उनका कहीं और जाने का कार्यक्रम नहीं है। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर 14 मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त किये गये हैं। उनके साथ पुलिस अधिकारी भी तैनात रहेंगे। इन सभी की प्रतिनियुक्त का संयुक्त आदेश उपायुक्त राजीव रंजन और एसएसपी पीयूष पांडेय ने जारी कर दिया है। किसी वजह से अगर राज्यपाल रास्ते में पड़ने वाले सर्किट हाउस में प्रवेश करते हैं तो वहां भी दो मजिस्ट्रेट को प्रतिनियुक्त किया गया है।

## युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष आठ को आएंगे धनबाद

**धनबाद :** धनबाद जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक जिलाध्यक्ष आदित्य आनंद की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों एवं जनहित के मुद्दों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी 8 जून को युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू के धनबाद आगमन को लेकर तैयारियों की समीक्षा करना रहा। इसकी रूपरेखा तय की गई।

# प्रतिबंधित पशु का सिर फेकने के मामले का दो घंटे के अंदर उद्भेदन

## दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## प्रतिबंधित मांस के साथ फ्रिज भी बरामद

संवाददाता

**चतरा :** जिले के इटखोरी प्रखंड स्थित बक्शा डैम में प्रतिबंधित पशु के तीन कटे हुए सिर फेंकने के मामले में डीएसपी सुनील सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह और सीओ सविता सिंह ने कार्रवाई करते हुए महज चंद घंटों के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर ग्रामीणों के आक्रोश को शांत कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर गांव निवासी मोहम्मद इस्लाम और मोहम्मद इकराम के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों ने कुबूल किया है कि त्योहार के मौके पर प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी दी गई थी।कुबार्नी की बात गांव में फैल जाने और पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से कटे हुए सिरों को बक्शा डैम में फेंक दिया था। थाना प्रभारी ने जब आरोपी के घर पर छापेमारी की तो वहाँ से एक फ्रिज बरामद हुआ। जिसके भीतर भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस छुपाकर रखा गया था। पुलिस ने मांस सहित फ्रिज को जब्त कर थाना ले आई है। आपको बताते चलें कि इस घटना की जानकारी रविवार को बक्शा डैम में प्रतिबंधित पशु का सिर तैरता मिला था।



सिर मिलने की खबर फैलते ही पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई थी और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा था। घटना से नाराज सैकड़ों ग्रामीण युवकों ने नगवां तुलबुल मार्ग के पास इटखोरी-चतरा मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। जिससे वाहनों का आवागमन तकरीबन एक घण्टे तक बाधित रही। इस घटना की जानकारी मिलते ही संवेदनशीलता को देखते हुए मुख्यालय डीएसपी सुनील कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। डीएसपी ने आक्रोशित ग्रामीणों को निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई का ठोस आश्वासन दिया था। जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए और सड़क से जाम हटाया गया । परिणाम स्वरूप जाम हटने के तुरंत बाद पुलिस ने त्वरित छापेमारी कर दोनों आरोपियों को धर-दबोचा। आरोपियों के गिरफ्तारी के बाद ग्रामीणों में पुलिस के प्रति संतोष जाहिर किया। अभी इस मामले पर विराम लग गया है । इस मौके पर पुलिस निरीक्षक उमेश राम, सीओ सविता सिंह, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, एसआई दुखी राम महतो और विदेश पांडेय समेत कई राजनीतिक दल से जुड़े लोग उपस्थित थे।